**Events Report for AQAR**

**July 2021- June 2022**

**(Hindi)**

**1.**

## "रिमेंबरिंग महात्मा गांधी" विषय पर वेबीनार

**02.07.2021**



## महात्मा गांधी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणापुंज : प्राचार्य

गया (एसएनबी)। अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के इतिहास विभाग एवं महाविद्यालय के आईक्यूएसी की ओर से 'रिमेंबरिंग महात्मा गांधी" विषय पर वेबीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संचालन करते हुए महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 श्वेता सिंह ने इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य, वक्ताओं एवं सभी सहभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम शुभारंभ किया। सर्वप्रथम अध्यक्षीय उद्‌बोधन देते हुए प्रधानाचार्य प्रो0 (डॉ0) एम0 शमसुल इस्लाम ने महात्मा गांधी के जीवन एवं अहिंसा के सिद्धांत की चर्चा करते हुए कहा कि महात्मा गांधी न केवल भारत के बल्कि वैश्विक नायक के रूप में जाने जाते है। उन्होंने महात्मा गांधी के जीवनपर्यंत संघर्ष कार्य एवं सतत योग्यता का विकास करते हुए भारत देश को आजादी दिलाने में शीर्ष भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन ही हम सभी के लिए प्रेरणापुंज है, उन्होंने अपने कार्य व्यवहार और अपनी जीवनशैली से सैद्धांतिक नहीं बल्कि व्यवहारिक रूप से जीवन जीने के लिए सभी को प्रेरित किया था और हमेशा करते रहेंगे।

संबोधित करते प्राचार्य।

प्रधानाचार्य ने सभी लोगों सहित विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के विचारों को जीवन में उतारने और जीवन को सार्थकता के साथ जीने के लिए भी बताया। इतिहास विभाग के वरीय प्राध्यापक डॉक्टर पार्थ सारथी ने महात्मा गांधी के जीवन दर्शन पर गांधी, गांधीवाद और गांधीगिरी के रूप में परिभाषित करते हुए सिनेमा और विश्व साहित्य में गांधी जी के विचारों एवं चरित्र की सहभागिता पर विस्तृत चर्चा की। मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के दर्शन एवं इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार सिंह ने महात्मा गांधी की जीवन शैली, आचार-व्यवहार और पारिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की।

दिनांक 2 जुलाई, 2021 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के इतिहास विभाग एवं महाविद्यालय के आईक्यूएसी की ओर से "रिमेंबरिंग महात्मा गांधी" विषय पर वेबीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संचालन करते हुए महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ० श्वेता सिंह ने इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य, वक्ताओं एवं सभी सहभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम शुभारंभ किया।

सर्वप्रथम अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्रधानाचार्य प्रो० (डॉ०) एम० शमसुल इस्लाम ने महात्मा गांधी के जीवन एवं अहिंसा के सिद्धांत की चर्चा करते हुए कहा कि महात्मा गांधी न केवल भारत के बल्कि वैश्विक नायक के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने महात्मा गांधी के जीवनपर्यंत संघर्ष कार्य एवं सतत योग्यता का विकास करते हुए भारत देश को आजादी दिलाने में शीर्ष भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन ही हम सभी के लिए प्रेरणापुंज है, उन्होंने अपने कार्य व्यवहार और अपनी जीवनशैली से सैद्धांतिक नहीं बल्कि व्यवहारिक रूप से जीवन जीने के लिए सभी को प्रेरित किया था और हमेशा करते रहेंगे।

उनके जीवनी एवं उनके दर्शन की प्रासंगिकता पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए कहा कि उनके उपदेशों की प्रासंगिकता आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। प्रधानाचार्य ने सभी लोगों सहित विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के विचारों को जीवन में उतारने और जीवन को सार्थकता के साथ जीने के लिए भी बताया।

प्रधानाचार्य के उद्बोधन के पश्चात इतिहास विभाग के वरीय प्राध्यापक डॉक्टर पार्थ सारथी ने महात्मा गांधी के जीवन दर्शन पर गांधी, गांधीवाद और गांधीगिरी के रूप में परिभाषित करते हुए सिनेमा और विश्व साहित्य में गांधी जी के विचारों एवं चरित्र की सहभागिता पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने विभिन्न निर्देशकों द्वारा प्रस्तुत सिनेमा में गांधी के जीवन उनके कृतित्व और उनके उपदेशों के भाव को समझने और जीवन में आत्मसात करने के विषय की ओर प्रकाश डालते हुए अपने विचार रखे। उन्होंने विभिन्न लेखकों विचारकों द्वारा उनके पत्रों के आधार पर उनके जीवन के विभिन्न आयामों की चर्चा की। डॉक्टर पार्थसारथी ने कहां की विभिन्न देशों विभिन्न क्षेत्रों और विभिन्न विचारधाराओं के दिग्गज लोगों ने महात्मा गांधी को अपने आदर्श के रूप में पूजा है और गांधी सर्वकालिक प्रेरक के रूप में अपने विचारों के साथ नवाचार करते हैं जो कि हर युग में प्रासंगिक रहेगा।

मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के दर्शन एवं इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार सिंह ने महात्मा गांधी की जीवन शैली, आचार-व्यवहार और पारिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने आत्ममंथन और चिंतन करते हुए अपने कार्यों में कुशलता और व्यवहारों में परिवर्तन लाया और वैश्विक नायक के पद पर सुशोभित हुए। उन्होंने कहा की स्वतंत्रता संग्राम के लिए नैतिक संघर्ष और आपसी सहयोग आधारित समाजवाद सहित समन्वय के विचार उनकी क्षमता और योग्यता की उत्कृष्टता का साक्षात्कार करातें हैं। डॉ० सिंह ने बताया कि आजादी के संग्राम में संघर्ष-विराम-संघर्ष के सिद्धांत पर उन्होंने बिना किसी हिंसात्मक प्रक्रिया में जुड़े ब्रिटिश साम्राज्य को हिला कर रख दिया था। उन्होंने महात्मा गांधी के आर्थिक विकास के सिद्धांत में ग्रामीण क्षेत्रों की भागीदारी और सरकारी क्षेत्रों में निजी क्षेत्रों की सहभागिता के साथ सर्वांगीण विकास के पक्ष पर जोर दिया जो सचमुच ही अनुकरणीय है।

वक्ताओं द्वारा दिए गए उद्बोधन की समीक्षा एवं धन्यवाद ज्ञापन करते हुए महाविद्यालय के सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी सह अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० अमरितेंदु घोषाल ने मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के परिसर एवं इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार सिंह एवं वक्ता के रूप में जुड़े प्राध्यापक डॉ० पार्थ सारथी एवं कार्यक्रम का संचालन कर रहीं दर्शनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ श्वेता सिंह सहित प्रधानाचार्य का विशेष आभार प्रकट करते हुए कहा यह वेबीनार महात्मा गांधी के जीवन चरित्र और उनके कृतित्व को याद करने के लिए महत्वपूर्ण माध्यम है एवं हम सभी को इस विषय के अंतर्गत प्राप्त जानकारियों के अनुरूप कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यक्रम में भाग ले रहे रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ० अजीत प्रसाद सिन्हा, प्राध्यापिका डॉ० निधि त्रिपाठी, भौतिकी विभाग के वरीय प्राध्यापक डॉ० अनंत कुमार सिन्हा, महाविद्यालय के नोडल पदाधिकारी सह रसायन विभाग के प्राध्यापक डॉ० राजेश रंजन पाण्डेय, परीक्षा नियंत्रक डॉ० अजय कुमार सिंह, डॉ० नीरज कुमार कमल, शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० एम० एम० शुक्ला, व्यवसाय अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष श्री नवनीत प्रिये, डॉ० सादात करीम, कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष आरिफ़ मोहम्मद सत्तार, मो० उमर फारूक, श्री संजीव कुमार, श्री मलय कुमार, श्री प्रवीण कुमार, डॉ० सैयद मिनहाजउल हसन, श्री सुजीत कुमार, लाइब्रेरी साइंस विभाग से श्री राजेश कुमार, सुश्री बुशरा करीम, श्रीमती मंजू कुमारी, श्री अभिषेक कुमार मिश्र, आदि सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष व प्राध्यापकों, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का आभार प्रकट किया। वेबीनार में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े विद्यार्थियों को धन्यवाद करते हुए डॉ० घोषाल ने कहा कि युवाओं को इस प्रकार के कार्यक्रमों में सहभागिता लेकर ज्ञान की अभिवृद्धि

के साथ-साथ महात्मा गांधी के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेते हुए समाज कल्याण के लिए भी कार्य करने की आवश्यकता है।

वेबीनार का समापन राष्ट्रगान गाकर किया गया। इस कार्यक्रम में मंच संचालन दर्शनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ श्वेता सिंह एवं कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग का दायित्व व्यवसाय अध्ययन विभाग के प्राध्यापक श्री सैफ अख्तर ने निभाया।

इस वेबीनार के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक एवं शिक्षकों सहित शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की सहभागिता रही साथ ही विद्यार्थियों ने भी बड़ी संख्या में वेबीनार में भाग लिया।

**2.**

## "सफलता के लिए संवाद कौशल" : कार्यशाला

**15.07.2021**


गया भास्कर 16-07-2021

कार्यक्रम• एएम कॉलेज में 'सफलता के लिए संवाद कौशल' विषय पर कार्यशाला में डॉ. घोषाल ने दिए टिप्स

# संवाद के दौरान अपने शब्दों के चयन और शारीरिक हाव-भाव पर ध्यान रखें विद्यार्थी

एजुकेशन रिपोर्टर | गया

एएम कॉलेज में युवा कौशल दिवस पर आईक्यूएसी के तत्वावधान में हुई कार्यशाला

हिंदी बोलने भी दिखता है स्थानीय भाषा का प्रभाव

कार्यशाला में शामिल विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



दिनांक 15 जुलाई, 2021 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के व्यवसाय अध्ययन विभाग एवं आईक्यूएसी के तत्वावधान में "विश्व युवा कौशल दिवस" के अवसर पर "सफलता के लिए संवाद कौशल" विषय आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रबंध विभाग के प्राध्यापक श्री सैफ अख़्तर ने कार्यक्रम संचालन करते हुए प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित आइक्यूएसी के कोऑर्डिनेटर सह अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० अमृतेंदु घोषाल एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का प्रारंभ किया।

कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में डॉ० घोषाल ने विद्यार्थियों को सर्वप्रथम संप्रेषण की परिभाषा एवं इसके विभिन्न आयामों की चर्चा करते हुए इससे जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर महत्वपूर्ण चर्चा की। उन्होंने संवाद के दौरान शब्दों के चयन, शारीरिक हाव-भाव पर आधारित विभिन्न प्रकार के एक्ट प्ले गेम विद्यार्थियों के बीच करवाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि संवाद कौशल में आपकी शारीरिक हाव-भाव और व्यक्ति से नजर मिला कर बातचीत करना आपके आत्मविश्वास को प्रस्तुत करता है।

उन्होंने भाषा के चार तत्वों में सुनना, बोलना, पढ़ना और लिखना के अंतर्गत सुनने की क्षमता की अभिवृद्धि करते हुए अपने संवाद कौशल को उत्कृष्ट बनाने की जरूरत पर बल देते हुए विद्यार्थियों के बीच प्रेरणादाई गतिविधियां करवाई। उन्होंने भाषा कौशल के अंतर्गत शब्दों के चयन और वाक्यों के अंतर्गत शब्दों पर दबाव के कारण बदलने वाले अर्थ के विषय में भी विद्यार्थियों को सजग रहने के लिए जागरूक किया। विद्यार्थियों ने कार्यशाला के दौरान मॉक इंटरव्यू, अपना परिचय देना और बातचीत कैसे प्रारंभ किया जाए इससे संबंधित क्रियाकलापों में सक्रिय रुप से सहभागिता दिखायी। कार्यक्रम के समापन सत्र में विद्यार्थियों ने संवाद कौशल को बेहतर बनाने की दिशा में क्या क्या कदम उठाए जाने चाहिए, आदि प्रश्न भी पूछे। डॉ० घोषाल ने भाषा कौशल को निखारने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए जिसके अंतर्गत उन्होंने बताया

कि जिस भी भाषा पर आप पकड़ बनाना चाहते हैं उससे संबंधित आप समाचार पत्र पढ़े एवं विद्वतजनों के भाषण को सुने और स्वयं में वह सारे गुणों और क्षमता को विकसित करने की दिशा में प्रयास करने को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि बिहार जैसे प्रदेश के विद्यार्थियों के साथ अंग्रेजी भाषा ही नहीं बल्कि शुद्ध हिंदी बोलने में भी स्थानीय भाषा का प्रभाव उच्चारण में दिखता है जिस पर हमें गंभीरता से विचार करते हुए कार्य करना चाहिए।

इस कार्यशाला के अंतर्गत भाग ले रहे विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। आज के इस कार्यशाला में बीबीएम विभाग के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के साथ-साथ कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। आज के इस कार्यशाला में व्यवसाय अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष श्री नवनीत प्रिये, प्राध्यापक डॉ० सादात करीम, डॉ० सुशांत कुमार मुखर्जी, कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष आरिफ मोहम्मद सत्तार, प्राध्यापक मो० उमर फारूक, आदि ने भाग लिया। व्यवसाय अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष श्री नवनीत प्रिये ने प्रशिक्षक के रूप में अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० अमृतेंदु घोषाल एवं अन्य प्राध्यापकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए इस तरह के कार्यशाला में सहभागिता उनके सर्वांगीण विकास के लिए बहुत आवश्यक है और विभाग की ओर से इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे।प्रधानाचार्य प्रोफेसर (डॉ०) शमसुल इस्लाम ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी है।

कोविड-19 के लिए जारी निर्देशों के अनुरूप शारीरिक दूरी का ध्यान रखते हुए यह कार्यशाला आयोजित की गई थी।

**3.**

## अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया में टोक्यो ओलंपिक 2020 में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को दी गई शुभकामनाएं

**20.07.2021**






# कॉलेजों ने ओलिंपिक के लिए टीम इंडिया को दी शुभकामना

संवाददाता,गया

फील्ड आउटरीच ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज गया के तत्वावधान में टोक्यो 2020 ओलिंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों के उत्साहवर्द्धन व शुभकामना संदेश प्रेषित करने के कार्यक्रम आई चीयर्स फॉर इंडिया का आयोजन हुआ. इस कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से सेल्फी कॉर्नर बनाया गया था. जिसके माध्यम से स्वयं की तस्वीर खींचवाते हुए प्रधानाचार्य प्रोफेसर (डॉ०) एम शमसुल इस्लाम, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने टीम इंडिया के सभी खिलाड़ियों को चीयर्स किया. इस कार्यक्रम के अंतर्गत खिलाड़ियों के लिए शुभकामना संदेश भी सिग्नेचर कैंपेन के माध्यम से दिये गये. इसी तरह के कार्यक्रम का आयोजन जीबीएम कॉलेज में प्राचार्य प्रोफेसर जावेद अशरफ के नेतृत्व में हुआ.

प्रभात खबर Wed, 21 July 2021 https://epaper.prabhatkhabar.com/c/61946

*विद्यार्थियों ने आई चेयर्स फॉर इंडिया के साथ सेल्फी ली और खिलाड़ियों के लिए शुभकामना संदेश लिखें*

फील्ड आउटरीच ब्यूरो, गया, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज गया के तत्वावधान में टोक्यो 2020 ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन एवं शुभकामना संदेश प्रेषित करने के कार्यक्रम आई चीयर्स फॉर इंडिया का आयोजन हुआ।

इस कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से सेल्फी कॉर्नर बनाया गया था जिसके माध्यम से स्वयं की तस्वीर खींचवाते हुए प्रधानाचार्य प्रोफेसर (डॉ०) एम० शमसुल इस्लाम, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने टीम इंडिया के सभी खिलाड़ियों को चीयर्स किया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत खिलाड़ियों के लिए शुभकामना संदेश भी सिग्नेचर कैंपेन के माध्यम से दिए गए। आज के कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य ने शुभकामना संदेश लिखकर किया जिसमें उन्होंने भारतीय खिलाड़ियों के टोक्यो ओलंपिक 2020 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ज्यादा से ज्यादा पदक प्राप्त करने की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से खिलाड़ियों में नई ऊर्जा का संचार होगा और देश का नाम रौशन करने में कामयाब होंगे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष शिक्षकों ने भी सिगनेचर कैंपेन के अंतर्गत शुभकामना संदेश लिखें। विद्यार्थियों ने उत्साह दिखाते हुए सेल्फी खींची और साथ ही साथ टीम इंडिया के लिए शुभकामनाएं भी लिखी। राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने एकल एवं सामूहिक सेल्फी लेते हुए टीम इंडिया के लिए सकारात्मक और ऊर्जावान बने

रहने का संदेश देते हुए कहा कि आप हमारे देश के गौरव हैं और हमें पूरी उम्मीद है कि आप बेहतर प्रदर्शन कर ज्यादा से ज्यादा पदक लाकर हमें गौरवान्वित करेंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों में सुशील कुमार, प्रिया सिंह, कुलवंत, नेहा, अभिषेकानंद भारती, सपना, खुशी तिवारी, आदित्य आकाश, आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

समारोह के पूर्व कार्यक्रम स्थल एवं प्रदर्शनी क्षेत्र का सैनिटाइजेशन एवं सभी आगंतुकों को मास्क, आदि भी वितरित किए गए। प्रधानाचार्य प्रोफेसर (डॉ०) एम० शमसुल इस्लाम ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए सम्मिलित सभी लोगों को धन्यवाद दिया साथ ही उन्होंने मंत्रालय के अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य पदाधिकारियों को भी इस उत्साहवर्धक कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया। आज के कार्यक्रम में श्री बलंद इकबाल, फील्ड आउटरीच ब्यूरो, गया, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ श्वेता सिंह, नोडल अधिकारी डॉ राजेश रंजन पांडे, पीआरओ डॉ अमृतेंदू घोषाल, डॉ० निधि त्रिपाठी, श्री सुजीत कुमार, शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० एम० एम० शुक्ला, श्री अनिल कुमार सिंह, श्रीमती मीता रानी, श्रीमती आरती कुमारी, श्री महेश लाल हल, बीसीए विभाग के विभागाध्यक्ष आरिफ मोहम्मद सत्तार, श्री संजीव कुमार मोहम्मद उमर फारूक, प्रबंध विभाग के विभागाध्यक्ष नवनीत प्रिय डॉक्टर सादात करीम श्री सैफ अख्तर, डॉ० मिनहाजउल हसन, अभिषेक मिश्रा, आदि सहित कई विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी सहित विभिन्न विभागों के विद्यार्थी उपस्थित थे।

**4.**

**26.07.2021**

## कारगिल विजय दिवस

# कॉलेज के छात्रों ने वीर सपूतों को किया याद

**श्रद्धांजलि**

गया | वरीय संवाददाता

अनुग्रह नारायण मेमोरियल कॉलेज गया के विभिन्न विभागों में शिक्षकों-विद्यार्थियों द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर वीर सैनिकों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिक्षा विभाग के प्रशिक्षुओं द्वारा कारगिल युद्ध के शहीदों की याद में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

**कारगिल दिवस पर अनुग्रह नारायण मेमोरियल कॉलेज में कार्यक्रम**

**शहीदों की याद में:** कार्यक्रम में कारगिल के शहीदों को नमन करते हुए उनकी याद में उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० माणिक मोहन शुक्ला, प्रोफेसर अनिल कुमार सिंह, प्रोफेसर पांडे ,प्रोफेसर डॉ० बृजमोहन सिंह, डॉ० शक्ति प्रकाश सिंह प्रोफ़ेसर मीता रानी, प्रोफेसर शंभू कुमार, प्रोफेसर सुशील कुमार सिन्हा, प्रोफेसर आरती कुमारी, प्रोफेसर रितेश कुमार सहित सभी शिक्षकों ने विजय दिवस पर अपने उद्बोधन देते हुए वीर शहीदों के प्रति अपनी भावांजलि प्रस्तुत की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार रखते हुए वीर शहीदों की कुर्बानी को याद किया और देश के प्रति किए गए उनके त्याग और बलिदान पर चर्चा की। इसी क्रम में व्यवसाय अध्ययन विभाग एवं कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा भी कारगिल विजय दिवस पर शहीदों के सम्मान में कार्यक्रम हुआ। व्यवसाय अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष नवनीत प्रिय ने कहा कि कारगिल युद्ध हम सबके लिए भावनात्मक दौर था, जब दुर्गम परिस्थितियों का सामना करते हुए तिरंगे की शान के लिए हमारे देश के वीर सपूतों ने अपनी जान की बाजी लगाकर घुसपैठियों को मार भगाया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के नोडल पदाधिकारी डॉ० राजेश रंजन पाण्डेय, पीआरओ डॉ० अमृतेंदू घोषाल, बीसीए विभाग के विभागाध्यक्ष आरिफ मोहम्मद सत्तार, मोहम्मद उमर फारूक, आदि ने भी विचार रखा।

### हमेशा याद रहेंगे

इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रो० (डॉ०) एम० शमसुल इस्लाम ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है जब हमारे देश के वीर सैनिकों ने दुश्मनों के नापाक इरादों को नेस्तनाबूद करते हुए अपने देश की रक्षा की थी। इनकी कुर्बानी को कभी भुलाया नही जा सकता। यह देश उनका सदा ऋणी रहेगा।

## जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शहीदों को किया याद

**गया ।** कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सपूतों की याद में जगह-जगह कार्यक्रम हुए। इसी कड़ी में जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल गया में भी सोमवार को कार्यक्रम हुए। स्कूल के छात्र- छात्राओं ने ऑनलाइन कार्यक्रम के जरिए अपने -अपने तरीके से शहीदों को नमन किया। स्लोगन, गीत, कविता, नृत्य आदि की प्रस्तुति देकर वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दिया। बच्चों ने पेंटिंग के जरिए कारगिल के घटनाक्रम को दिखाने की शानदार कोशिश की। किसी ने कारगिल की दुर्गम पहाड़ियों को उकेरा,तो किसी ने युद्ध में लड़ते वीर सपूतों को दिखाया। बच्चों की पेंटिंग देखते बनी।



जीडी गोयनका स्कूल में कारगिल दिवस पर पोस्टल प्रतियोगिता में शामिल छात्रा।

दिनांक 26/ 7/ 2021 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के विभिन्न विभागों में शिक्षकों विद्यार्थियों द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर वीर सैनिकों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिक्षा विभाग के प्रशिक्षुओं द्वारा कारगिल युद्ध के शहीदों की याद में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कारगिल के शहीदों को नमन करते हुए उनकी याद में उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० माणिक मोहन शुक्ला, प्रोफेसर अनिल कुमार सिंह, प्रोफेसर पांडे ,प्रोफेसर डॉ० बृजमोहन सिंह, डॉ० शक्ति प्रकाश सिंह प्रोफ़ेसर मीता रानी, प्रोफेसर शंभू कुमार, प्रोफेसर सुशील कुमार सिन्हा, प्रोफेसर आरती कुमारी, प्रोफेसर रितेश कुमार सहित सभी शिक्षकों ने विजय दिवस पर अपने उद्बोधन देते हुए वीर शहीदों के प्रति अपनी भावांजलि प्रस्तुत की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार रखते हुए वीर शहीदों की कुर्बानी को याद किया और देश के प्रति किए गए उनके त्याग और बलिदान पर चर्चा की।

इसी क्रम में व्यवसाय अध्ययन विभाग एवं कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा भी कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। व्यवसाय अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष श्री नवनीत प्रिये ने कहा कि कारगिल युद्ध हम सबके लिए भावनात्मक दौर था जब दुर्गम परिस्थितियों का सामना करते हुए तिरंगे की शान के लिए हमारे देश के वीर सपूतों ने अपनी जान की बाजी लगाकर घुसपैठियों को मार भगाया। विभाग के विद्यार्थियों एवं अन्य प्राध्यापकों तथा शिक्षकों ने भी वीर सपूतों की याद में मौन रखकर अपनी भावांजलि प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के नोडल पदाधिकारी डॉ० राजेश रंजन पाण्डेय, पीआरओ डॉ० अमृतेंदू घोषाल, बीसीए विभाग के विभागाध्यक्ष आरिफ मोहम्मद सत्तार, मोहम्मद उमर फारूक, आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रो० (डॉ०) एम० शमसुल इस्लाम ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है जब हमारे देश के वीर सैनिकों ने दुश्मनों के नापाक इरादों को नेस्तनाबूद करते हुए अपने देश की रक्षा की थी। उन्होंने कहा कि भारत के वीर सपूतों ने पाकिस्तान द्वारा थोपी गई कारगिल युद्ध को विजय में परिवर्तित किया। ऐसे दुर्गम कार्य हमारे वीर सपूतों ने कर दिखाया जो असंभव था। आज हम सभी मिलकर कारगिल युद्ध में शहीदों को अपनी हृदय से श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इनकी कुर्बानी को कभी भुलाया नही जा सकता। यह देश उनका सदा ऋणी रहेगा।

आज के कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों सहित प्राध्यापकों शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने भाग लिया।

5.

**27.07.2021**

# भारतरत्न डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम की छठी पुण्यतिथि

दैनिक भास्कर

गया भास्कर 28-07-2021

**कार्यक्रम** • एएम कॉलेज में मनाई गई कलाम साहब की छठी पुण्यतिथि, शिक्षकव विद्यार्थियों ने दी श्रद्धांजलि

## डॉ. कलाम से देश को नाभिकीय क्षेत्र में विशिष्ट स्थान

एजुकेशन रिपोर्टर | गया

अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के बीएड विभाग के छात्र-छात्राओं ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की छठी पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर बीएड के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) एम. शमसुल इस्लाम ने कहा कि एक सामान्य व्यक्ति से शिखर तक पहुंचने का मार्ग जो डॉ. कलाम ने दिखाया है, वह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि वे एक सच्चे देशभक्त थे जिन्होंने देश की सेवा में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। देश के लिए उनके कृतित्व व उत्कृष्ट योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज भारत नाभिकीय, रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में विशिष्ट स्थान को हासिल करने में सक्षम हुआ है। बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. माणिक मोहन शुक्ला ने कहा कि डॉ. कलाम एक वैज्ञानिक होने के साथ-साथ लेखक, कवि व महान शिक्षाविद थे। उनके अद्वितीय योगदान के कारण उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। मौके पर डॉ. अनिल कुमार सिंह, बृजमोहन सिंह, डॉ. विजय कुमार पांडे, डॉ. नीरज कुमार, प्रो ईश्वर सिंह, डॉ. शक्ति प्रकाश सिंह, प्रो सुशील कुमार सिन्हा, प्रो महेश लाल हाल, प्रो रितेश कुमार सिंह, डॉ. मीता रानी आदि उपस्थित थे।



पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकगण व छात्र।

### पूर्व राष्ट्रपति डॉ कलाम साहब को दी गई श्रद्धांजलि

गुरुआ। प्रखंड के प्लस टू प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी कन्या उच्च विद्यालय के कार्यालय कक्ष में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साहब की पुण्यतिथि मनाई गई। प्राचार्य रामकिशोर सिंह समेत उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के वरीय शिक्षक सच्चिदानंद शाही व सेवानिवृत्त प्राचार्य राजकुमार प्रसाद सिंह ने बताया कि डॉ एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रपति के साथ एक महान वैज्ञानिक भी थे। वे पूरे देश में मिसाइल मैन के नाम से जाने जाते थे। दूसरी ओर बस स्टैंड के पास संचालित मार्गदर्शन कोचिंग सेंटर के निदेशक विनय कुमार यादव व समाजसेवी महिला पूजा कुमारी के नेतृत्व में मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साहब को श्रद्धांजलि दी गई।

दिनांक 27-07-2021 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के बीएड विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा मिसाइल मैन के नाम से मशहूर भारत के पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम की छठी पुण्यतिथि मनाई गई।

इस अवसर पर बीएड के शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर एवं उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो० (डॉ०) एम० शमसुल इस्लाम ने कहा कि एक सामान्य व्यक्ति से शिखर तक पहुंचने का मार्ग जो डॉ० कलाम ने दिखाया है, वह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि वे एक सच्चे देशभक्त थे जिन्होंने देश की सेवा में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। देश के लिए उनके कृतित्व एवं उत्कृष्ट योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता जिसके कारण ही आज भारत नाभिकीय, रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में विशिष्ट स्थान को हासिल करने में सक्षम हुआ है।

इस अवसर पर बी० एड० विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० माणिक मोहन शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ० कलाम एक वैज्ञानिक होने के साथ-साथ लेखक, कवि तथा महान शिक्षाविद थे। उनके अद्वितीय योगदान के कारण उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर बी० एड० विभाग के डॉ० अनिल कुमार सिंह, बृजमोहन सिंह, डॉ० विजय कुमार पांडे, डॉ० नीरज कुमार, प्रो ईश्वर सिंह, डॉ० शक्ति प्रकाश सिंह, प्रो सुशील कुमार सिन्हा, प्रो महेश लाल हाल, प्रो रितेश कुमार सिंह, डॉ० मीता रानी, प्रो प्रवीण कुमार, प्रो शंभू कुमार, प्रो आरती कुमारी, मुकेश कुमार राकेश रंजन कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

**6.**

**10.08.2021**

## आर्मी म्यूजिकल बैंड कंसर्ट




दिनांक 10-08-2021 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के स्वामी विवेकानंद सभागार में ऑफिसरस ट्रेनिंग अकैडमी, गया की ओर से आर्मी म्यूजिकल बैंड कंसर्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ अनुग्रह नारायण सिंह जी की मूर्ति पर पुष्पांजलि के साथ हुई। इसके उपरांत कुलगीत, स्वागत- गान एवं अतिथियों को पुष्पगुच्छ से स्वागत कर कार्यक्रम को गति प्रदान की गई। अपने स्वागत भाषण में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ शैलज कुमार श्रीवास्तव ने भारतीय सेना के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए सैनिकों की वीरता एवं बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, माननीय कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोध गया, प्रो०(डॉ०) राजेंद्र प्रसाद ने ऑनलाइन माध्यम से अपने अध्यक्षीय भाषण में सेना की वीरता के साथ-साथ सेना के बैंड की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेना के बैंड के संगीत के माध्यम से ऊर्जा, साहस और देश-प्रेम से ओतप्रोत समाज बनता है। रक्षा के साथ-साथ सेना का बैंड संगीत देश में सांस्कृतिक योगदान भी करता है। इस कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि, प्रति कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोध गया, प्रो०(डॉ०) वी. एन. सिंह ने अपने उद्बोधन में भारतीय सेना की सराहना की तथा सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को एकता एवं निश्चय का संदेश दिया। इसके उपरांत बैंड कंडक्टर हवलदार धर्मवीर कुमार के नेतृत्व में बैंड ने "दिल दिया है जान भी देंगे", "जहां डाल डाल पर", "ऐ मेरे वतन के लोगों" तथा कई और धुनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में अतिथि एवं श्रोता के रूप में प्रो०( डॉ०) दीपक कुमार, प्रधानाचार्य, गया कॉलेज, गया, प्रो०( डॉ०)जावेद अशरफ, प्रधानाचार्य, जी बी एम कॉलेज, गया तथा प्रो०(डॉ०) सत्येंद्र प्रजापति, प्रधानाचार्य, एस एन एस कॉलेज, टेकारी तथा ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकैडमी, गया के नायक सूबेदार राकेश सिंह, सी. एच. एम. इंदर सिंह एवं जवान उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रो० अजित प्रसाद सिन्हा, विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग, प्रो० राजेश कुमार सिंह,

बर्सर एवं प्राध्यापक इतिहास विभाग, डॉ अजय कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक, डॉ प्रदीप कुमार विभागाध्यक्ष विधि विभाग, डॉ किशोर कुमार पासवान प्राध्यापक राजनीति शास्त्र विभाग, डॉ धनेश्वर राम, प्राध्यापक मनोविज्ञान विभाग, डॉ प्रियंबदा गौर प्राध्यापिका संस्कृत विभाग, डॉ पूनम कुमारी प्राध्यापिका हिंदी विभाग, डॉ राजेश रंजन पांडेय नोडल अफसर, डॉ मणिक मोहन शुक्ला, विभागाध्यक्ष शिक्षा विभाग, आरिफ मोहम्मद सत्तार विभागाध्यक्ष बी सी ए विभाग, डॉ नरेंद्र कुमार सहायक प्राध्यापक बी. सी. ए. विभाग के साथ श्री विकाश प्रताप सिंह, श्री अशोक गुप्ता सहित सभी विभागों के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा छात्र उपस्थित थे । ऑफीसर्स ट्रेंनिंग अकैडमी, गया के हवलदार मनदीप कुमार सिंह, डॉ श्वेता सिंह सहायक प्राध्यापिका, दर्शनशास्त्र विभाग एवं डॉ निधि त्रिपाठी, सहायक प्राध्यापिका, रसायन विभाग ने मंच संचालना की। डॉ अमृतेंदु घोषाल, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

**7.**

**15.08.2021**


## ध्वजारोहण कार्यक्रम

भारत के 75 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य (डॉ०) शैलज कुमार श्रीवास्तव ने महाविद्यालय प्रांगण में सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी, छात्रों एवं अतिथियों की उपस्थिति में तिरंगा फहराया। इसके उपरांत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद सभागार में देशभक्ति कविताएं, गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में रसायन विभाग के सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ०) हरिनंदन सिंह, राजनीति शास्त्र के सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष प्रो० (डॉ०) विजय बहादुर सिंह सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। साथ ही प्रो० (डॉ०) अजीत प्रसाद सिन्हा विभागाध्यक्ष रसायन विभाग, (डॉ०) अजय कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक, (डॉ०) अनंत कुमार सिन्हा विभागाध्यक्ष भौतिकी विभाग, प्रो०(डॉ०) प्रदीप कुमार विभागाध्यक्ष विधि विभाग, (डॉ०)किशोर कुमार पासवान विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र विभाग, (डॉ०) प्रियंवदा गौड़ विभागाध्यक्ष संस्कृत विभाग, (डॉ०) पूनम कुमारी विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग, (डॉ०) राजेश रंजन पांडेय नोडल ऑफिसर, (डॉ०) नीरज कुमार कमल सहायक परीक्षा नियंत्रक, (डॉ०) माणिक मोहन शुक्ला विभागाध्यक्ष शिक्षा विभाग के साथ महाविद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रिया सिंह ने नृत्य, नवनीत पांडे, सौरभ झा, अनिता कुमारी ने देशभक्ति कविता, सर्वोत्तम कुमार, प्रिया ने भाषण, अमरेंद्र कुमार सिंह, ललित कुमार, शिव कुमार दास, विनोद ने गीत एवं रिया एंड ग्रुप ने समूह गान प्रस्तुत किया। बेबी कुमारी ने मंच संचालना की। (डॉ०) अनिल कुमार सिंह सहायक प्राध्यापक शिक्षा विभाग ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में प्रस्तुति के लिए छात्रों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया ।

**8.**

**25.08.2021**

**योगा फॉर वेल बीइंग" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार**




दिनांक 25-08- 2021 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया में इंडियन काउंसिल आफ फिलोसॉफिकल रिसर्च, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित "योगा फॉर वेल बीइंग" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार कॉलेज के दर्शनशास्त्र विभाग तथा आइक्यूएसी द्वारा आयोजित किया गया। इस राष्ट्रीय वेबिनार में प्रो० ज्योत्सना श्रीवास्तव, प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, महिला महाविद्यालय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एवं डॉ० ओम शंकर दुबे, सहायक प्राध्यापक, दर्शनशास्त्र विभाग, बर्दवान राज कॉलेज, बर्दवान ने योग पर अभिभाषण दिया। डॉ० शैलज कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य, अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया ने अपने स्वागत भाषण से अतिथियों का अभिवादन किया एवं योग के महत्व को श्रोताओं के समक्ष रखा। अपने भाषण में प्रो० ज्योत्सना श्रीवास्तव ने उपनिषद, महर्षि पतंजलि, श्री औरोबिंदो आदि की चर्चा करते हुए योग के सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक बिंदुओं पर बात की। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। डॉ० ओम शंकर दुबे ने पतंजलि योग सूत्र पर प्रकाश डालते हुए चित्त के विभिन्न आयामों की चर्चा की तथा पुरुष एवं प्रकृति के भेद को समझाया। उन्होंने कहा कि चित्त वृत्ति निरोध योग का मूल उद्देश्य है तथा उन्होंने अभ्यास, वैराग्य एवं समाधि पर चर्चा की। इस कार्यक्रम की संचालना डॉ० श्वेता सिंह, विभागाध्यक्षा, दर्शनशास्त्र विभाग ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ० अमृतेंदु घोषाल, आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर ने दिया। इस राष्ट्रीय वेबिनार में ए०एम० कॉलेज एवं अन्य कॉलेजों के प्राध्यापकों एवं छात्रों ने भाग लिया। प्रो०(डॉ०) जावेद अशरफ, प्रधानाचार्य, जी० बी० एम० कॉलेज, गया, डॉ० अनंत कुमार सिन्हा, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, डॉ० अजय कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक, डॉ० पार्थ सारथी प्राध्यापक, इतिहास विभाग, डॉ० राजेश रंजन पांडे, नोडल पदाधिकारी, डॉ० निधि त्रिपाठी, सहायक प्राध्यापिका, रसायन शास्त्र विभाग, डॉ० नीरज कुमार कमल, सहायक परीक्षा नियंत्रक, बी सी ए विभाग के श्री आरिफ मोहम्मद सत्तार, डॉ० नरेंद्र कुमार एवं श्री संजीव कुमार सह शिक्षकेतर कर्मचारी एवं विद्यार्थी इस वेबीनार में उपस्थित थे।

09.

**27.08.2021**

## "जिला ग्रीन चैंपियन" पुरस्कार से सम्मानित

दिनांक 27-08-2021 को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद, भारत सरकार द्वारा आयोजित ऑनलाइन पुरस्कार समारोह एवं "स्वच्छता एक्शन प्लान" कार्यशाला में अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया को "जिला ग्रीन चैंपियन" पुरस्कार से सम्मानित किया गया । महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद् की ओर से सम्पूर्ण भारत में 400 शिक्षण संस्थानों का चयन पुरस्कार के लिए किया गया। इसमें बिहार से 13 शिक्षण संस्थानों में अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया ने अपना स्थान बनाया है। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ० शैलज कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के मुख्य- अतिथि एवं अध्यक्ष श्री सावन कुमार, आई० ए० एस०, नगर निगम आयुक्त, गया को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ से अभिवादन किया तथा माननीय मुख्य-अतिथि ने प्रधानाचार्य को सभी प्रतिभागियों के ऑनलाइन उपस्थिति में पुरस्कार प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। अपने अभिभाषण में मुख्य- अतिथि ने स्वच्छता संबंधी जागरूकता को बढ़ाने पर जोर दिया तथा अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के प्रधानाचार्य, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। प्रधानाचार्य महोदय ने महाविद्यालय में चल रहे विभिन्न स्वच्छता एवं जागरूकता अभियानों के संबंध में श्रोताओं को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों एवं निजी स्थानों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। गया एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का धार्मिक एवं पर्यटन स्थल है और इसकी स्वच्छता को बनाए रखने के लिए उन्होंने गया नगर निगम की सराहना की।इस कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम समन्वयक आदित्य राज गुप्ता, महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद्, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया। महाविद्यालय के नोडल पदाधिकारी डॉ राजेश रंजन पांडेय, आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर डॉ अमृतेंदु घोषाल एवं गूगल मीट के माध्यम से ए०एम० कॉलेज, गया की एन० एस ० एस० पदाधिकारी डॉ० श्वेता सिंह, प्रो०(डॉ०) अजित प्रसाद सिन्हा, विभागाध्यक्ष, रसायन शास्त्र विभाग, डॉ० माणिक मोहन शुक्ला विभागाध्यक्ष शिक्षा विभाग सहित कई शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं विद्यार्थी तथा गया शहर एवं बिहार के कई शिक्षा संस्थानों के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

**10.**

**03.09.2021**

**पौधों का रोपण**





दिनांक 3 सितंबर 2021 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के बी .एड विभाग में महिंद्रा फाइनेंस गया ब्रांच तत्वावधान में विभिन्न प्रकार के फलदार और सुंदर लगने वाले पौधों का रोपण किया गया ।महिंद्रा फाइनेंस ब्रांच गया ने बी .एड. विभाग को एक सौ उच्च कोटि के पौधे उपलब्ध कराए गए जिसे अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मानिक मोहन शुक्ला , महिंद्रा फाइनेंस के ब्रांच मैनेजर आनंद सिंह, ब्रांच अकाउंट मैनेजर श्री राज किशोर पाठक, अश्वनी कुमार ,बी. एड विभाग के प्रो अनिल कुमार सिंह, डा. बृजमोहन सिंह, श्री राजेश रंजन सिंह प्रो रितेश कुमार सिंह प्रो श्रीमती आरती कुमारी, प्रो महेश लाल हल के साथ साथ बी. एड.विभाग के छात्र - छात्राएं जिनमें प्रियंका कुमारी, रिया सिंह, सुमन सिंह, लाला सूर्यनंदन, सर्वोत्तम कुमार, श्वेता भारती, और श्वेता सुमन आदि छात्र- छात्राओं ने पौधे लगाए।इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलज कुमार श्रीवास्तव ने इसकी सराहना करते हुए कहा की प्रकृति और वातावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए बहुत ही जरूरी है, साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा केंपस तो ग्रीन केंपस रहे इसके लिए सदा प्रयत्नशील हम सभी रहते हैं। यही कारण है की भारत सरकार ने भी हमें ग्रीन चैंपियन अवार्ड से महाविद्यालय को विभूषित किया है।भविष्य में और भी ऐसे कार्य किए जाएं तो हमारा महाविद्यालय अग्रणी की भूमिका निभाएगा।

**11.**

**06.09.2021**

## वर्तमान भारतीय शिक्षा पर कोविड 19 का प्रभाव: संगोष्ठी



दिनांक 6/9/ 2021को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज गया के बी एड विभाग में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम शिक्षक दिवस चूकि रविवार को था इसलिए विभाग के छात्र-छात्राओं ने आज अपने शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए शिक्षक दिवस मनाया ।उन्होंने सम्मान का भाव प्रकट करते हुए केक काटे तथा शिक्षकों को उपहार दिया। इसके पश्चात बी एड विभाग द्वारा एक संगोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। संगोष्ठी का विषय था "वर्तमान भारतीय शिक्षा पर कोविड 19 का प्रभाव" जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं बी एड विभाग के संथापक निदेशक डा लक्ष्मी नारायण सिंह जो अभी वर्तमान में जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के प्रतिकुलपति हैं का सम्मान समारोह भी रखा गया था।

प्रति कुलपति ने अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज में पहुंचकर सब प्रथम बिहार विभूति अनुग्रह बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बी एड विभाग में कार्यक्रम की शुरुआत मंचासीन प्रति कुलपति डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह प्रचार शैलेश कुमार श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष डॉ मनमोहन शुक्ला शिक्षक संघ के अध्यक्ष पार्थ सारथी मनोविज्ञान विभाग के डा डी राम सहित अन्य ने दीप प्रज्वलित किया।

अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर से शैलज कुमार श्रीवास्तव ने प्रति कुलपति महोदय को पुष्पगुच्छ अंग वस्त्र एवं विष्णु चरण के प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।बी एड के छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान गाया। संगोष्ठी की शीर्षक "वर्तमान भारतीय शिक्षा पर कोविड-19 का प्रभाव" पर अपने व्याख्यान देते हुए प्रति कुलपति महोदय ने कहा कि कोविड-19 ने सबसे ज्यादा शिक्षा को प्रभावित किया है। जो सक्षम थे उन्हें उन्होंने शिक्षा पाई और जो दूरदराज के इलाकों में ग्रामीण क्षेत्रों में जहां नेटवर्क नहीं है साथ ही जिनके पास स्मार्टफोन नहीं है वह शिक्षा से वंचित रहे हैं। इसे शिक्षा में असमानता देखने को मिली।

अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कोविड-19 अभी गया नहीं है। इससे शतर्क रहने की जरूरत है ।थर्ड बेव आने वाली है, लेकिन पूर्व की भांति जिस प्रकार हम अपने को अन्य देशों की तुलना में बचाया है उसी प्रकार सावधानी रखते हुए सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क का प्रयोग

एवं सैनिटाइजेशन का प्रयोग हमेशा करें। डा पार्थ सारथी डॉ डी राम, डॉ सुशील कुमार सिन्हा ने भी अपने विचार रखे। छात्र-छात्राओं ने भी संगोष्ठी पर अपने-अपने विचार दिए जिसमें प्रथम पुकार स्वीटी द्वितीय पुरस्कार रागिनी रानी एवं तृतीय पुरूस्कार  प्रशांत कुमार को दिया गया।

बी एड के विभागाध्यक्ष डॉ  मनिक मोहन शुक्ला ने प्रति कुलपति के प्रति आभार प्रकट किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो अनिल कुमार सिंह एवं मंच संचालन छात्र कुमारमंगलम ने किया।

इस अवसर पर डॉ राजेश रंजन पांडे डॉक्टर धनंजय कुमार प्रोफेसर प्रवीण कुमार डॉ नीरज कुमार डॉ बृज मोहन सिंह   डॉ शक्तिप्रकाश सिंह डॉ मीता रानी आरती कुमारी महेश लाल हाल दीपक कुमार मिश्र के अलावे सभी विभाग के विभागाध्यक्ष शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थी।

**12.**

**11.09.2021**

## अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया में बिहार मैथमेटिकल सोसायटी एवं शिक्षा विभाग, गया द्वारा संयुक्त रुप से ऑनलाइन तथा ऑफलाइन माध्यम से टीएसटीएम तथा टीएनपी ट्रेनिंग कार्यक्रम




एएम कालेज में टीएसटीएम तथा टीएनपी ट्रेनिंग कार्यक्रम

वक्ताओं ने गणित के नये एवं उभरते बिन्दुओं पर की चर्चा

दिनांक 11-09- 2021 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया में बिहार मैथमेटिकल सोसायटी एवं शिक्षा विभाग, गया द्वारा संयुक्त रुप से ऑनलाइन तथा ऑफलाइन माध्यम से टीएसटीएम तथा टीएनपी ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, स्वागत गान एवं कुलगीत से की गई। डॉ शैलज कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य, ए. एम. कॉलेज, गया ने सभी सम्मानित अतिथियों को पुष्पगुच्छ, मोमेंटो एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण में प्रधानाचार्य ने गणित के महत्व पर जोर देते हुए इस विषय के नए एवं उभरते हुए बिंदुओं पर चर्चा की तथा गणित के शोध पर जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि (प्रो) डॉ० राजेंद्र प्रसाद, माननीय कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया ने ऑनलाइन माध्यम से अपने अध्यक्षीय भाषण में इस कार्यक्रम की सराहना की तथा विद्यार्थियों में गणित की शिक्षा के महत्व पर चर्चा की। विशिष्ट अतिथि (प्रो०) डॉ० वी.एन. सिंह, प्रति कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया ने अपने अभिभाषण में कार्यक्रम की सराहना की तथा गणित के महत्व को समझाया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि (प्रो०)डॉ० आर.के. वर्मा, भूतपूर्व कुलपति, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर ने कहा कि गणित प्रत्येक विषय एवं जीवन के हर पहलू में निहित है। इसी के साथ उन्होंने मैथ ओलंपियाड तथा शोध पत्रों के सही प्रकाशन पर जोर दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री रामचंद्र मंडल, आरडीडीई, मगध कमिश्नरी, गया, डॉ० कृष्ण नंदन सिंह, टीपीएस कॉलेज, पटना, श्री आनंद कुमार, डीपीओ, सेकेंडरी एजुकेशन, गया एवं डॉ० अरुण दयाल, अतिरिक्त संयोजक, बिहार मैथमेटिकल सोसायटी ने विषय पर अपने वक्तव्य रखें। डॉ० सौरभ कपूर, सहायक प्राध्यापक, रीजनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ एजुकेशन भुवनेश्वर ने ऑनलाइन माध्यम से शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को पीजॉन्होल प्रिंसिपल एवं पास्कल ट्रायंगल पर अभिभाषण दिया। कार्यक्रम में ए.एम. कॉलेज के प्रो० (डॉ०) अजीत प्रसाद सिन्हा, विभागाध्यक्ष रसायन विभाग, डॉ० अजय कुमार सिंह परीक्षा नियंत्रक, ए एम कॉलेज, डॉ० पार्थ सारथी विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग, डॉ किशोर कुमार पासवान विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र, डॉ धनेश्वर राम विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान, डॉ० प्रियंवदा गौर विभागाध्यक्ष संस्कृत विभाग, डॉ० नीरज कुमार कमल सहायक परीक्षा नियंत्रक ए एम कॉलेज, डॉ राजेश रंजन पांडे नोडल पदाधिकारी, डॉ निधि त्रिपाठी सहायक प्राध्यापक रसायन विभाग, डॉ श्वेता सिंह सहायक प्राध्यापक दर्शनशास्त्र विभाग, डॉ० धनंजय कुमार रसायन शास्त्र विभाग, श्री अमरेश सिंह, श्री विकास प्रताप सह महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम की संचालना डॉ० विजय कुमार, गणित विभाग, कॉलेज ऑफ कॉमर्स आर्ट्स

एंड साइंस पटना तथा एग्जीक्यूटिव ज्वाइंट सेक्रेट्री बिहार मैथमेटिकल सोसायटी एवं डॉ अमृतेन्दु घोषाल, अंग्रेजी विभाग, ए एम कॉलेज गया ने की।

13.

21.09.2021

## ऑर्गेनाइजेशनल बिहेवियर विषय आधारित प्रेजेंटेशन कार्यक्रम



**सीयूएसबी.** साइबर सुरक्षा खतरा और रोकथाम विषय पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**हर कोई ऑनलाइन, इसलिए सभी असुरक्षित**

- देश भर से 300 से अधिक प्रतिभागी जुड़े

प्रतिनिधि, टिकारी

इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी से जुड़ी चुनौतियों व इसके उपायों को ध्यान में रख कर सीयूएसबी में एक विशेष वेबिनार का आयोजन किया गया. पीआरओ मो मुदस्सीर आलम ने बताया कि वेबिनार विधि विभाग के साइबर सेल और विश्वविद्यालय कंप्यूटर केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाइन किया गया, जिसमें देश भर से 300 से अधिक प्रतिभागी जुड़े. 'साइबर सुरक्षा: खतरा और रोकथाम' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यशाला का आयोजन प्रो कामेश्वर नाथ सिंह व प्रमुख एवं डीन, विधि विभाग, प्रो पवन कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में हुआ. कार्यशाला की समन्वयक डॉ पल्लवी सिंह थी. कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डायरेक्टर, सीआइएस जेएनयू, दिल्ली से संजीव कुमार, हेड, क्वीक हील टेक्नोलॉजी से नवनीत नागर, सिस्टम एनालिस्ट, सीयूएसबी से अशोक कुमार सिंह, बैंक मैनेजर, एसबीआइ, सीयूएसबी कैंपस से पूजा रानी व एपीओ, यूएस बैंक से अखिलेश कुमार सिंह मौजूद थे.

**चौथी औद्योगिक क्रांति है इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी : कुलपति :** कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में साइबर सेल का गठन इसलिए किया गया है कि विश्वविद्यालय के साथ-साथ समाज के लोगों को भी इन बातों से अवगत करा सकें. उन्होंने इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में हुए विकास को परिभाषित करते हुए कहा कि इसे चौथी औद्योगिक क्रांति के रूप में देखते हैं और इसके कभी सुखद परिणाम प्राप्त हुए हैं. खास कर, नोटबंदी के समय के बाद व कोविड -19 महामारी के समय इसकी उपयोगिता सबको अच्छे से आभास हुआ है. संचालन करते हुए छात्रा अदिति ने सभी अतिथियों व शिक्षकों का स्वागत किया. कार्यशाला की समन्वयक डॉ पल्लवी सिंह ने कार्यशाला के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी. वहीं, प्रो पवन कुमार मिश्रा ने औपचारिक रूप से सभी का स्वागत किया और बताया कि कार्यशाला के उद्देश्यों को सिर्फ कैंपस तक ही नहीं, बल्कि समाज के लोगों तक भी लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जायेगा.

**थोड़ी सावधानी से बड़ी समस्याओं से बच सकते हैं :** मुख्य वक्ता संजीव कुमार ने विषय की महत्ता के बारे बताते हुए साइबर सुरक्षा की मूल अवधारणा की बात की और बताया कि कैसे हम थोड़ी सावधानी से बड़ी समस्याओं से बच सकते हैं. उनके बाद नवनीत नागर ने बताया कि आज हर कोई ऑनलाइन है, इसलिए हर कोई असुरक्षित भी है और साइबर अपराधों से बचने के लिए हमें सावधानी बरतनी होगी. ऐसे कार्यशाला साइबर सुरक्षा जागरूकता में बहुत सफल भूमिका निभा रहे हैं. उन्होंने एमडीएम जैसे कुछ तकनीकी सुरक्षा समाधानों से भी लोगों को अवगत कराया कि कैसे हम इनका उपयोग करके अपने मोबाइल, लैपटॉप और डेटा को सुरक्षित कर सकते हैं. वहीं, अखिलेश कुमार सिंह ने साइबर सुरक्षा और बैंकिंग विषय पर अपनी बात रखी.

**मनुष्य का व्यवहार उसके नजरिये से होता है प्रभावित**

- एएम कॉलेज में हुआ ऑर्गेनाइजेशनल बिहेवियर विषय पर आधारित प्रेजेंटेशन कार्यक्रम

संवाददाता, गया

अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के व्यावसायिक अध्ययन विभाग में ऑर्गेनाइजेशनल बिहेवियर विषय आधारित प्रेजेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस प्रेजेंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत बीबीएम के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी. तृतीय वर्ष की छात्रा प्रिया सिंह ने परसेप्शन विषय पर अपनी पीपीटी की प्रस्तुति के माध्यम से बताया कि मनुष्य का व्यवहार उसके नजरिये से प्रभावित होता है और हर किसी का नजरिया एक दूसरे से अलग भी होता है. अमित कुमार ने व्यक्तित्व के सिद्धांत की चर्चा करते हुए अपनी प्रस्तुति में बताया कि व्यक्तित्व केवल शारीरिक संरचना नहीं है, बल्कि इसके अंतर्गत आंतरिक एवं बाह्य गुण शामिल होते हैं. छात्रा शिवानी सिंह व छात्र आशीष कुमार ने भी पीपीटी के माध्यम से परसेप्शन के विभिन्न आयामों को विस्तृत रूप से चर्चा की. कार्यक्रम में तृतीय वर्ष की छात्रा सपना द्वारा ऑर्गेनाइजेशनल बिहेवियर के विभिन्न कारकों की विस्तृत रूप से व्याख्या करते हुए संगठन व वर्तमान परिदृश्य में इसकी प्रासंगिकता के बारे में अपने विचार रखे.

**करायी गयी समीक्षात्मक परिचर्चा :** विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये विषयों के आधार पर उनके उत्साहवर्धन के लिए समीक्षात्मक परिचर्चा भी आयोजित हुई. कार्यक्रम का संचालन विभाग की प्राध्यापिका डॉ नेहा राज सिंह द्वारा किया गया व संयोजन नवनीत प्रिये ने किया. इस कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ एसके मुखर्जी, शिवम, सबा तसनीम, पंकज कुमार सहित बीबीएम के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे. वोकेशनल विभाग के कोऑर्डिनेटर डॉ अजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा कि वोकेशनल कोर्सेज के अंतर्गत इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत आवश्यक हैं.

प्रभात खबर Wed, 22 September 2021 https://epaper.prabhatkhabar.com/c/63274987




दिनांक 21 सितंबर, 2021 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के व्यवसाय अध्ययन विभाग में ऑर्गेनाइजेशनल बिहेवियर विषय आधारित प्रेजेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रेजेंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत बीबीएम के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी। तृतीय वर्ष की छात्रा प्रिया सिंह ने परसेप्शन विषय पर अपनी पीपीटी की प्रस्तुति के माध्यम से बताया कि मनुष्य का व्यवहार उसके नजरिए से प्रभावित होता है और हर किसी का नजरिया एक दूसरे से अलग भी होता है।

अमित कुमार ने व्यक्तित्व के सिद्धांत की चर्चा करते हुए अपनी प्रस्तुति में बताया कि व्यक्तित्व केवल शारीरिक संरचना नहीं है बल्कि इसके अंतर्गत आंतरिक एवं बाह्य गुण शामिल होते हैं।


छात्रा शिवानी सिंह एवं छात्र आशीष कुमार ने भी पीपीटी के माध्यम से परसेप्शन के विभिन्न आयामों की विस्तृत रूप से चर्चा की। कार्यक्रम में तृतीय वर्ष की छात्रा सपना द्वारा ऑर्गेनाइजेशनल बिहेवियर के विभिन्न कारकों की विस्तृत रूप से व्याख्या करते हुए संगठन एवं वर्तमान परिदृश्य में इसकी प्रासंगिकता के बारे में अपने विचार रखे। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए विषयों के आधार पर उनके उत्साहवर्धन के लिए समीक्षात्मक परिचर्चा भी आयोजित हुई।कार्यक्रम का संचालन विभाग की प्राध्यापिका डॉ० नेहा राज सिंह द्वारा किया गया एवं संयोजन श्री नवनीत प्रिये ने किया।

इस कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ० एस० के० मुखर्जी, श्री शिवम, सुश्री सबा तसनीम, श्री पंकज कुमार सहित बीबीएम के सभी विद्यार्थी, आदि उपस्थित थे। वोकेशनल विभाग के कोऑर्डिनेटर डॉ० अजय कुमार सिंह कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा कि वोकेशनल कोर्सेज के अंतर्गत इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत आवश्यक है।

**14.**

**29.09.2021**

## "ग्रोइंग इंपैक्ट ऑफ ट्रस्टेड एंड एथिकल ए आई/एम एल इन पब्लिक हेल्थ केयर सिस्टम" पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार




दिनांक 29-09-2021 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के भौतिकीशास्त्र विभाग तथा कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं आई टी विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से "ग्रोइंग इंपैक्ट ऑफ ट्रस्टेड एंड एथिकल ए आई/एम एल इन पब्लिक हेल्थ केयर सिस्टम" पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक प्रो०(डॉ०) राजेंद्र प्रसाद, माननीय कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया एवं संरक्षक डॉ० शैलज कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य, ए० एम० कॉलेज, गया थे। सेमिनार की शुरुआत आयोजन- सचिव डॉ० अजय कुमार सिंह, प्राध्यापक, भौतिकीशास्त्र विभाग के उद्बोधन एवं प्रधानाचार्य के स्वागत भाषण से हुई। कार्यक्रम के कीनोट वक्ता डॉ विनय सिंह, वरिष्ठ सलाहकार, हेल्थ केयर मेडिकेयर एंड क्लिनिकल इनफॉर्मेटिक्स एवं वर्चुसा कॉरपोरेशन, बैंगलोर के ए आई एवं स्वास्थ्य प्रमुख डॉ० सुशांत सिंह ने अपने अभिभाषणों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रयोग से स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास पर चर्चा की। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता श्री प्रभास कुमार, डेटाबेस तथा इंफ्रास्ट्रक्चर आर्किटेक्ट, केन्ड्रिल, बैंगलोर ने बिग- डाटा, एआई तथा डेटाबेस पर प्रकाश डाला। डॉ० अमरनाथ चटर्जी, सहायक प्राध्यापक, के एल एस कॉलेज, नवादा, कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता, ने वुल्फ्रेम क्लाउड एवं गणित पर चर्चा की तथा विशिष्ट वक्ता डॉ० नीरज कुमार कमल, सहायक प्राध्यापक, भौतिकी विभाग ने मशीन लर्निंग, सिंबॉलिक रिग्रेशन तथा न्यूरल नेटवर्क पर भौतिकीशास्त्र के प्रभाव पर अभिभाषण दिया। वेबीनार का संचालन डॉ० नरेंद्र कुमार, सहायक प्राध्यापक, कंप्यूटर एप्लीकेशंस तथा आईटी विभाग ने किया एवं डॉ० अमृतेंदु घोषाल, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में डॉ० अजीत प्रसाद सिन्हा, विभागाध्यक्ष, रसायनशास्त्र विभाग, डॉ० अनंत कुमार सिंह, प्राध्यापक, भौतिकीशास्त्र विभाग, डॉ० राजेश रंजन पाण्डेय नोडल पदाधिकारी, डॉ० माणिक मोहन शुक्ला, विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग, कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं आईटी विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री आरिफ मोहम्मद सत्तार, श्री संजीव कुमार और श्री मलय कुमार सह महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे। वेबीनार की समाप्ति राष्ट्रगान से की गई।

**15.**

**02.10.2021**

## गांधी देन एंड नाओ: लोकेटिंग डायनामिक्स ऑफ पॉपुलर परसेप्शनस इन हिस्टॉरिकल पर्सपेक्टिव" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार

दिनांक 02-10-2021 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के इतिहास विभाग एवं आइ० क्यू० ए० सी० के द्वारा संयुक्त रुप से "गांधी देन एंड नाओ: लोकेटिंग डायनामिक्स ऑफ पॉपुलर परसेप्शनस इन हिस्टॉरिकल पर्सपेक्टिव" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार की शुरुआत डॉ० शैलज कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य, ए०एम० कॉलेज, गया के अध्यक्षीय एवं स्वागत भाषण से हुई। अपने भाषण में उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों की चर्चा करते हुए समकालीन समय में एक न्यायपूर्ण समाज के निर्माण हेतु उनकी प्रासंगिकता की बात की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री श्रीकांत किशोर, लोकसेवक, मुंबई ने अपने अभिभाषण में गांधी की विश्वस्तरीय पहचान और उनके व्यक्तित्व तथा सिद्धांतों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांधी ने भारत के कई दर्शनों को अपने विचारों में समाहित किया था तथा देशहित की राजनीति में उनका निपुण प्रयोग किया था । श्री श्रीकांत किशोर ने महात्मा गांधी के विचारों का ऐतिहासिक एवं नैतिक परिप्रेक्ष्य में व्याख्या करते हुए उनपर बनी फिल्मों के साथ उनपर लिखी पुस्तकों और लेखों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि गांधी का मिथकीकरण उनकी अपार प्रसिद्धि के कारण अपरिहार्य है। उन्होंने गांधी के व्यक्तित्व, कार्यशैली तथा वैचारिक मान्यताओं की विविधता के आलोक में न सिर्फ भारत बल्कि विश्व के सुदूर भागों में भी उनके प्रति लोगों के बीच प्रचलित अलग - अलग अवधारणाओं की व्याख्या प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता डॉ० सुधांशु कुमार झा, सहायक प्राध्यापक, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया ने गांधी के पक्ष एवं विपक्ष के तर्कों का विश्लेषण करते हुए कहा कि गांधी के व्यक्तित्व तथा चेतना में जड़ता नहीं थी अतः उन्हें किसी एक विचारधारा में बांध कर रखना अकादमिक रूप से अधूरा कार्य होगा। डॉ० झा ने गांधी के वैचारिक क्रम-विकास का ऐतिहासिक अनुलेखन करते हुए स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका का अन्वेषण किया। उन्होंने गांधी के व्यक्तित्व, विचार एवं सक्रिय राजनीति को देश के विकास एवं स्वायत्तता से जोड़कर उनकी समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

वेबिनार के विशिष्ट वक्ता डॉ० मजहर किब्रिया, सह- प्राध्यापक, राजनीतिशास्त्र विभाग, ए० एम० कॉलेज, गया ने कहा कि भारत के वैचारिक विकास में गांधी का योगदान अतुलनीय है और साथ ही उनके सिद्धांतों की छाप विश्व के कई देशों में मिलते हैं। स्वतंत्रता संग्राम में गांधी के योगदान की चर्चा करते हुए डॉ० किब्रिया ने सत्य, अहिंसा, प्रेम एवं भाईचारा के संदेश पर जोर दिया और कहा कि विद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में गांधी की शिक्षा को सम्मिलित करना चाहिए।

स्नाकोत्तर राजकीय महाविद्यालय, सतपुली, उत्तराखंड के प्राचार्य डॉ० संजय कुमार ने गांधी- अम्बेदकर विमर्श के संदर्भ में कई उद्धरणों से स्पष्ट किया कि गांधी के सामाजिक सुधारों के कार्यक्रम सकारात्मक थे लेकिन उनकी शैली से असहमति की गुंजाइश बनती थी।

इस वेबीनार के संयोजक डॉ० राजेश कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग एवं आयोजन-सचिव तथा संचालक डॉ० पार्थ सारथी, सह-प्राध्यापक, इतिहास विभाग, ए० एम० कॉलेज, गया थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ० अमृतेन्दु घोषाल, आइ०क्यू०ए०सी० कोऑर्डिनेटर ने दिया। श्री मुकेश कुमार ने वेबिनार में तकनीकी सहयोग दिया। वेबीनार में डॉ० किशोर कुमार पासवान, विभागाध्यक्ष, राजनीति शास्त्र विभाग, डॉ० राजेश

रंजन पांडे, नोडल पदाधिकारी, डॉ० नीरज कुमार कमल, सहायक परीक्षा- नियंत्रक, डॉ० माणिक मोहन शुक्ला, विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग, श्री आरिफ मोहम्मद सत्तार एवं डॉ० नरेंद्र कुमार, कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं आईटी विभाग सह देश के कई महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे ।

वेबिनार के निष्कर्ष के रूप में स्पष्ट हुआ कि गांधी का व्यक्तित्व बहुआयामी था। अतः जहाँ एक ओर उन्हें अपार जनसमर्थन तथा सफलता मिली तो दूसरी ओर कई मुद्दों पर उनकी नीतियों, सिद्धांतों और कार्यों से असहमति के स्वर भी उठते रहे हैं। आलोचनाओं के बावजूद यह सत्य एवं तथ्य है कि गांधी की नीयत संदेह से परे थी। आधुनिक भारत की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं दार्शनिक पहचान का निर्माण उनके बिना अधूरा ही माना जायेगा।

**15.**

**05.10.2021**

## निवेश एवं उद्यमिता विषय आधारित फिल्म 'अंबानी द इन्वेस्टर' की प्रस्तुति

दिनांक 5 अक्टूबर, 2021 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के व्यवसाय अध्ययन विभाग में निवेश एवं उद्यमिता विषय आधारित फिल्म 'अंबानी द इन्वेस्टर' की प्रस्तुति की गई। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के बीच फिल्म की प्रस्तुति करते हुए उनके समीक्षात्मक विचार लिए गए। बीबीएम के विद्यार्थियों ने विषय आधारित एवं फिल्म की कथावस्तु पर अपने विचार व्यक्त किए। द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशी तिवारी ने निवेश विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि निवेश के लिए बचत आवश्यक है और मूल आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए तथा इच्छाओं को सीमित रखते हुए बचत की जा सकती है। द्वितीय वर्ष की छात्रा नेहा कुमारी ने फिल्म की रूपरेखा की चर्चा करते हुए उद्यमिता में निवेश के लिए वित्त का समावेशन और प्रबंध विषय पर अपने विचार रखे। द्वितीय वर्ष की छात्रा सिंधु कुमारी ने बताया कि उद्यमिता के क्षेत्र में असीमित संभावनाएं हैं और उसके लिए धन कभी भी समस्या नहीं है बल्कि सकारात्मक सोच के साथ समस्याओं को अवसर में बदलने की जरूरत है। तृतीय वर्ष के छात्र अमित ने फिल्म के आधार पर बताया कि जिस प्रकार बूंद बूंद से सागर भरता है ठीक उसी प्रकार छोटे स्तर पर भी बचत एक बड़ी पूंजी का निर्माण करती है और उसका सही निवेश बेहतर प्रतिफल देता है। तृतीय वर्ष के छात्र विपिन कुमार ने भी असंगठित क्षेत्रों में उद्यमिता के अवसर की चर्चा की वहीं छात्रा स्वीटी कुमारी ने फिल्म के संदेश को समझते हुए उद्यमिता के अवसर तलाशने की दिशा में प्रयास करने पर जोर दिया।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए विषयों एवं चर्चाओं के आधार पर उनके उत्साहवर्धन के लिए परिचर्चा भी आयोजित हुई जिसमें विभाग के शिक्षकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का संचालन विभाग की प्राध्यापिक श्री नवनीत प्रिये ने किया एवं संचालन डॉ० नेहा राज सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ० एस० के० मुखर्जी, श्री शिवम, सुश्री सबा तसनीम, श्री पंकज कुमार, आदि उपस्थित थे। वोकेशनल विभाग के कोऑर्डिनेटर डॉ० अजय कुमार सिंह ने आयोजित कार्यक्रम में सहभागी रहे शिक्षकों और प्रस्तुति कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सहभागिता के लिए उन्हें बधाई तथा शुभकामनाएं दी। आज के इस कार्यक्रम में व्यवसाय अध्ययन विभाग के विद्यार्थियों में प्रिया सिंह, अंशुमान, कुंतल, अंकुश, आशिक़, दीपा भारती, अनामिका, काजल कुमारी, आदि सहित कई विद्यार्थी मौजूद थे।

**16.**

**14.11.2021**

**विद्यार्थियों के बीच रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियाँ**





दिनांक 16 नवंबर, 2021 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के व्यवसाय अध्ययन विभाग में बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बीबीएम के विद्यार्थियों के बीच रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियाँ आयोजित किए गए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम वोकेशनल डिपार्टमेंट के कोऑर्डिनेटर डॉ अजय कुमार सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जिसके पश्चात अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आप सभी में रचनात्मक और सृजनात्मक कौशल की अभिवृद्धि करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उन्हें करिकुलम के साथ-साथ ह्यूमन स्किल को भी निखारने की जरूरत है। डॉ सिंह ने कहा कि हम सभी को बच्चों की तरह जिज्ञासु और कल्पनाशील होने के साथ-साथ उत्साही भी होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए प्रबंध विभाग के वरीय प्राध्यापक डॉक्टर सुशांत कुमार मुखर्जी ने कहा कि बचपन का समय अनमोल होता है और विद्यार्थी जीवन वह समय है जब हम अपने को बेहतर बनाने की दिशा में सकारात्मकता के साथ लक्ष्य पर कार्य कर सकते हैं। उन्होंने बचपन की से जुड़ी घटनाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया। अपने उद्बोधन में प्राध्यापिका डॉ नेहा राज सिंह ने बाल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हम इस दिवस की प्रासंगिकता को समझते हुए अपने सीखने की क्षमता को बढ़ाएं और बेहतर राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभाए।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच क्विज कंपटीशन का भी आयोजन किया गया जिसमें बीबीएम के साथ-साथ बीसीए एवं बीएससी आईटी के विद्यार्थियों ने भी भाग लेते हुए ऐतिहासिक एवं समसामयिक विषयों पर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दिया। कार्यक्रम के समापन सत्र में प्राध्यापक नवनीत प्रिये द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सकारात्मक और आशावादी जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की चर्चा करते हुए कविता के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्राध्यापक श्री शिवम ने विद्यार्थियों को बाल दिवस के अवसर पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आज के इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक गतिविधि के दौरान हुए पीपीटी प्रेजेंटेशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रथम वर्ष की छात्रा इरम को सम्मानित किया गया। आज के कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को उपहार आदि देकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

**17.**

**17.11.2021**

**इंडक्शन मीट**




दिनांक 17/11/2021 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज गया के बी एड विभाग में सत्र 2021- 23 के नवागंतुक छात्र-छात्राओं (प्रशिक्षुओं) का इंडक्शन मीट (परिचय सत्र) का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सभी शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित किया गया एवं दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलज कुमार श्रीवास्तव एवं मंचासीन डॉक्टर के के पासवान डॉ पीएम बाधा दौड़ डॉ निधि त्रिपाठी को बी एड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मानिक मोहन शुक्ला ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज,गया के प्राचार्य डा शैलज कुमार श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा की यूजीसी ने इंडक्शन मीट को मैंडेटरी कर दिया है। मुझे खुशी है की बी एड विभाग में प्रत्येक वर्ष नए सत्र के प्रारंभ होने की अवसर पर इंडक्शन मीट का आयोजन किया जाता है। यहां लर्निंग आउटकम पर विशेष ध्यान दिया जाता है। शिक्षक का सर्वांगीण विकास कर मूल्यों को प्रतिष्ठापित करने के लिए अनुशासन के साथ साथ मूल्यों का पाठ भी पढ़ाया जाता है। बी . एड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर मानिक मोहन शुक्ला ने कहा कि भारत देवभूमि है। देव मानव बनाना शिक्षकों का काम है। शिक्षक का व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि उसे प्रमाणित ना करना पड़े कि वह शिक्षक है। सौभाग्य है हमारा के मुझे शिक्षण कार्य मिला और रहने को हिंदुस्तान मिला।डॉ के के पासवान ने कहा कि मैंने कई बी एड कॉलेज देखे हैं परंतु मुझे कहने में यह कतई संकोच नहीं होता कि आज मेरा बी एड विभाग सर्वोच्च शिखर पर है। डॉक्टर प्रियंवदा गौड़ ने कहां की गुरु शिष्य परंपरा को ऊष्मा देने वाला हमारा बी एड विभाग महाविद्यालय को स्पंदन करता है, गति प्रदान करता है।

डॉ निधि त्रिपाठी ने कहा कि आज के दिन की महत्ता अधिक है। ज्ञान पल पल सहायता करता है जिसमें इन शिक्षकों की भूमिका अहम है।कई सीनियर छात्र-छात्राओं ने भी अपने अपने विचार रखें जिनमें कुमार मंगलम, नेहा कश्यप ,संजीव कुमार, रिया सिंह ने अपने इस संस्थान के अनुभव को नए छात्र छात्राओं के बीच बांटा।

मंच संचालन नए सत्र की छात्र- अध्यापिका ममता कुमारी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन विद्या बी. एड विभाग के अध्यापक एवं अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ विजय कुमार पांडे ने किया।

इस अवसर पर बी एड विभाग के डॉ बृजमोहन सिंह, डॉ नीरज कुमार डॉ शक्ति प्रकाश सिंह, डॉ मीता रानी, प्रो महेश लाल हाल, प्रो आरती कुमारी, प्रो रितेश कुमार, प्रो शंभू कुमार प्रो ईश्वर सिंह, प्रो दीपक कुमार मिश्रा, प्रो सुशील कुमार सिन्हा, प्रो प्रवीण कुमार के अलावे अशोक कुमार गुप्ता, शशि कुमार, लाइब्रेरियन राजेश रंजन कुमार सिंह, कंप्यूटर सहायक मुकेश कुमार एवं अन्य शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

**18.**

**29.11.2021**


## प्रेरण समारोह

दिनांक 29 नवंबर 2021 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज में दोपहर 12.30 BCA प्रथमवर्ष, BSC-IT प्रथमवर्ष एवं MSC-IT प्रथम छमाही के विद्यार्थियों के लिए प्रेरण समारोह का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम प्रधानाचार्य डॉ. शैलज कुमार श्रीवास्तव, समन्वयक डॉ. अजय कुमार सिंह, नोडल अधिकारी डॉ. राजेश रंजन पांडेय, कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के अध्यापकगण डॉ. नरेंद्र कुमार, आरिफ मो. सत्तार, संजीव कुमार एवं मलय कुमार के उपस्थिति में सफलता पुर्वक् सम्पन्न हुआ।

**19.**

**10.12.2021**

## पीपीटी प्रेजेंटेशन कार्यक्रम



दिनांक 10 दिसंबर, 2021 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के व्यवसाय अध्ययन विभाग में विभिन्न सत्र के विद्यार्थियों द्वारा मैनेजमेंट के अलग-अलग विषयों पर पीपीटी प्रेजेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रेजेंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत बीबीएम के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी।

तृतीय वर्ष के छात्र नवनीत पांडे, विपिन कुमार एवं स्वीटी कुमारी ने ऑर्गेनाइजेशनल बिहेवियर के विभिन्न विषयों परसेप्शन ग्रुप एवं ग्रुप डायनेमिक पर अपने विचार रखते हुए इन के विभिन्न आयामों और अवयवों

की विस्तृत चर्चा की। विद्यार्थियों ने अपने प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रबंधन क्षेत्र में बेहतर परिणाम प्राप्त करने की दिशा में इन विषयों की भूमिका पर प्रकाश डाला। द्वितीय वर्ष की खुशी तिवारी, नेहा कुमारी, अभिषेकानंद भारती, आदि ने फाइनेंसियल मैनेजमेंट के विभिन्न कार्य को जैसे फाइनेंशियल इंस्टिट्यूशन, मनी मार्केट, कैपिटल मार्केट, प्रॉफिट मैक्सिमाइजेशन, वेल्थ मैक्सिमाइजेशन, माइक्रो फाइनेंस, आदि विषयों पर पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुतियां देते हुए विषयों को क्रमवार रूप से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने कोविड के दौरान आर्थिक गतिविधियों में आए उतार-चढ़ाव में फाइनेंसियल मैनेजमेंट की भूमिका पर भी प्रकाश डालते हुए अपनी बात रखी।

प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों में इरम, अंकित, काजल, रिंकी, सत्यम, सनी, अनामिका, आदि ने कम्युनिकेशन एवं इसके अंतर्गत वर्बल कम्युनिकेशन नॉनवर्बल कम्युनिकेशन और विजुअल कम्युनिकेशन विषय अंतर्गत आने वाले सभी कार्यों तथा तत्वों की चर्चा प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत की और साथ ही प्रबंधन एवं अन्य क्षेत्रों में कम्युनिकेशन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए या बताने का प्रयास किया कि व्यक्तित्व का परिचय अच्छे कम्युनिकेशन स्किल से ही प्रस्तुत किया जा सकता है।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए विषयों के आधार पर कार्यक्रम में सम्मिलित विद्यार्थियों द्वारा प्रश्न भी पूछे गए एवं उनके उत्साहवर्धन के लिए समीक्षात्मक परिचर्चा भी आयोजित हुई। कार्यक्रम का संचालन विभाग की प्राध्यापिका डॉ० नेहा राज सिंह द्वारा किया गया एवं संयोजन श्री नवनीत प्रिये ने किया।इस कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ० एस० के० मुखर्जी, श्री शिवम, सुश्री सबा तसनीम, श्री पंकज कुमार सहित बीबीएम के सभी विद्यार्थी, आदि उपस्थित थे।

वोकेशनल विभाग के कोऑर्डिनेटर डॉ० अजय कुमार सिंह कार्यक्रम में भाग ले रहे विद्यार्थियों को धन्यवाद देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और बताया कि नवाचार और नई तकनीक के साथ ही विद्यार्थी शैक्षणिक योग्यता बढ़ाते हुए इस प्रतिस्पर्धी व्यवस्था में अपनी उपस्थिति दर्ज कर सकते हैं। कार्यक्रम के समापन सत्र में पीपीटी प्रेजेंटेशन के अंतर्गत प्रेजेंटेशन प्रिंसिपल आधारित विषय पर बच्चों को टिप्स दिए गए ताकि उनका पीपीटी प्रेजेंटेशन का स्तर और बेहतर हो सके।

**20.**

**17.12.2021**

## कम्युनिकेशन विषय आधारित एक्ट प्ले






**बेहतर कम्युनिकेशन स्किल से ही व्यक्तित्व का विकास संभव**

राष्ट्रीय खबर

गया : अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के व्यवसाय अध्ययन विभाग में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा कम्युनिकेशन विषय आधारित एक्ट प्ले के माध्यम से सम्बंधित विषय पर प्रेजेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस एक्ट प्ले प्रेजेंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत बीबीएम के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से बैरियर्स आफ कम्युनिकेशन, जिसमें लैंग्वेज बैरियर, फिजिकल बैरियर, ऑर्गेनाइजेशनल बैरियर, कल्चर बैरियर तथा इमोशनल बैरियर पर प्रस्तुति दी। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों में इरम खान, अंकित कुमार, प्रभात कुमार, सरोज कुमार, अनामिका कुमारी, गौतम दयाल, रिंकी कुमारी, साक्षी सिंह, पीयूष कुमार, गुड्डू कुमार, काजल कुमारी, सनी सिंह ने विभिन्न प्रस्तुतियों द्वारा इनके विभिन्न आयामों और अवयवों को प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने कल्चर बैरियर के अंतर्गत भारतवर्ष में बोली जाने वाली भाषाओं के आधार पर भाषाई विविधता को प्रस्तुत करते हुए प्ले के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया कि सफल संवाद स्थापित करने के लिए भाषा का ज्ञान होना आवश्यक है वहीं फिजिकल बैरियर के अंतर्गत संवाद के दौरान बाहरी कारकों द्वारा बैरियर उत्पन्न होता है जिससे संवाद की सफलता अनिश्चित होती है। विद्यार्थियों ने एक्ट प्ले के माध्यम से कारपोरेट क्षेत्र में बेहतर परिणाम प्राप्त करने की दिशा में इन विषयों की भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही प्रबंधन एवं अन्य क्षेत्रों में कम्युनिकेशन की महत्ता एवं बैरियर की वजह से होने वाली असुविधाओं पर प्रकाश है प्रस्तुत किया जा सकता है।

दिनांक 17 दिसंबर, 2021 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के व्यवसाय अध्ययन विभाग में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा कम्युनिकेशन विषय आधारित एक्ट प्ले के माध्यम से सम्बंधित विषय पर प्रेजेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस एक्ट प्ले प्रेजेंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत बीबीएम के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से बैरियर्स आफ कम्युनिकेशन, जिसमें लैंग्वेज बैरियर, फिजिकल बैरियर, ऑर्गेनाइजेशनल बैरियर, कल्चर बैरियर तथा इमोशनल बैरियर पर प्रस्तुति दी। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों में इरम खान, अंकित कुमार, प्रभात कुमार, सरोज कुमार, अनामिका कुमारी, गौतम दयाल, रिंकी कुमारी, साक्षी सिंह, पीयूष कुमार, गुड्डू कुमार, काजल कुमारी, सनी सिंह ने विभिन्न प्रस्तुतियों द्वारा इनके विभिन्न आयामों और अवयवों को प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने कल्चर बैरियर के अंतर्गत भारतवर्ष में बोली जाने वाली भाषाओं के आधार पर भाषाई विविधता को प्रस्तुत करते हुए प्ले के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया कि सफल संवाद स्थापित करने के लिए भाषा का ज्ञान होना आवश्यक है वही फिजिकल बैरियर के अंतर्गत संवाद के दौरान बाहरी कारकों द्वारा बैरियर उत्पन्न होता है जिससे संवाद की सफलता अनिश्चित होती है। विद्यार्थियों ने एक्ट प्ले के माध्यम से कारपोरेट क्षेत्र में बेहतर परिणाम प्राप्त करने की दिशा में इन विषयों की भूमिका पर प्रकाश डाला साथ ही प्रबंधन एवं अन्य क्षेत्रों में कम्युनिकेशन की महत्ता एवं बैरियर की वजह से होने वाली असुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए यह बताने का प्रयास किया कि संवाद की सफलता इस बात से सुनिश्चित होती है कि सेंडर अपने मैसेज को कितने बेहतर तरीके से रिसीवर तक पहुंचा पाता है और व्यक्तित्व का परिचय बेहतर कम्युनिकेशन स्किल से ही प्रस्तुत किया जा सकता है। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन विभाग की प्राध्यापिका डॉ० नेहा राज सिंह द्वारा किया गया। अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ० शैलेज कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में भाग ले रहे विद्यार्थियों को धन्यवाद देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और बताया कि वर्तमान समय में संवाद के लिए संचार के आधुनिक साधन उपलब्ध हुए हैं लेकिन यह बहुत ही महत्वपूर्ण है कि संवाद स्थापित करते समय बैरियर कम से कम हो। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की सहभागिता से उनका सर्वांगीण विकास होता है और आधुनिक समय के प्रतिस्पर्धा वाली स्थिति में अपने को बाजार में स्थापित करना चुनौतीपूर्ण है जिसमें शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ एक्सट्रेकरिकुलर एक्टिविटीज में पार्टिसिपेशन महत्वपूर्ण है। उन्होंने विभाग के सभी शिक्षकों का धन्यवाद करते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। आज के इस कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ० एस० के० मुखर्जी, श्री नवनीत प्रिय,श्री शिवम, सुश्री सबा तसनीम, सहित बीबीएम के सभी विद्यार्थी, आदि उपस्थित थे।

**21.**

**07.01.2022**

**एन०सी०सी० चयन कार्यक्रम**

दिनांक 07.01.2022 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया में गठित एन०सी०सी० की नई इकाई में कैडेट बनाने हेतु आवेदन किए छात्रों को आंतरिक रूप से चयन करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ० शैलज कुमार श्रीवास्तव, सी०टी०ओ० डॉक्टर धनंजय कुमार, 6 बिहार बटालियन के सूबेदार मनोज कुमार, बी०एच०एम० हीरा राम और हवलदार नरेंद्र कुमार द्वारा सकुशल संपन्न हुआ। अभ्यार्थियों के शारीरिक नाप-तोल, लंबाई और दौर के बाद कुल 75 अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में शामिल हुए जिसमें से कुल 54 अभ्यर्थी ही चुने जाएंगे। आयोजित लिखित परीक्षा का रिजल्ट अभी आना बाकी है जो 10.01.2022 तक कॉलेज के नोटिस बोर्ड एवं वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया जाएगा।

**22.**

**26.01.2022**

**गणतंत्र दिवस**

दिनांक 26/01/ 2022 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज,गया के प्रांगण में देश के 73वां स्वर्णिम गणतंत्र दिवस के अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलज कुमार श्रीवास्तव द्वारा झंडोत्तोलन किया गया।

इस अवसर पर सर्व प्रथम प्राचार्य ने महाविद्यालय परिसर में स्थित बिहार विभूति श्री अनुग्रह नारायण सिंह एवं कॉलेज के संस्थापक वाला बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया ।

अपने उद्बोधन में प्राचार्य महोदय ने कहा कि आज हम सभी देशवासी 73 वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं, यह गर्व का विषय है। मैंने अपने कार्यकाल में ही इस महाविद्यालय का नैक करवाया था। प्रत्येक वर्ष इसका रिपोर्ट वर्ष की उपलब्धि के साथ इसे भेजा जा रहा है। पूरे देश में अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हमारे महाविद्यालय में कोरोना काल में सरकारी निर्देशों का पालन करते हुए सभी विभागों द्वारा ऑनलाइन लाइव क्लास लिया जा रहा है तथा ई- कंटेंट वेबसाइट पर लोड किया जा रहा है इस कार्य में हमारा महाविद्यालय ,मगध विश्वविद्यालय में अग्रणी है। महाविद्यालय के विकास के लिए मैं सदा तत्पर हूं निश्चित रूप से जल्द हीं हमारा कॉलेज बिहार के मुख्य कॉलेजों की श्रेणी में अग्रणी पंक्ति में होगा।

इस अवसर पर गया नगर निगम से आए श्री मिथिलेश कुमार द्वारा स्वच्छता से संबंधित सभी को टिप्स दिया गया

धन्यवाद ज्ञापन बी एड विभाग के विभागाध्यक्ष डा मानिक मोहन शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक, नोडल अफसर, विभिन्न विभाग के विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी के अलावे छात्र छात्राएं उपस्थित थी।

**23.**

**24/2 /2022**

**"online education- advantages and disadvantages" शीर्षक पर एक सेमिनार**



# आनलाइन शिक्षा वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में उभरी

अनुग्रह मेमोरियल कालेज के बीएड विभाग में आनलाइन शिक्षा के फायदे और नुकसान शीर्षक पर आयोजित सेमिनार में मौजूद छात्र व शिक्षक। ● जागरण

जागरण संवाददाता,गया : अनुग्रह मेमोरियल कालेज के बीएड विभाग के सभागार में गुरुवार को बीएड के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच आनलाइन शिक्षा के फायदा और नुकसान शीर्षक पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग के विभागाध्यक्ष डा. मानिक मोहन शुक्ला ने किया। उन्होंने कहा कि आज के इस काल में आनलाइन शिक्षा एक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में उभरी है। कोरोना काल में इसकी उपयोगिता को हम नकार नहीं सकते हैं। यह शिक्षा का अंग बन गया है। सभी छात्र-छात्राओं में गरिमा कुमारी,सुमन,अनूप कुमार,यशवंत कुमार, सौम्या, अनन्या, प्रिया कुमारी, पूजा, साकेत और कोमल ने भी अपने-अपने विचार रखें और आनलाइन शिक्षा की लाभ और हानियों पर प्रकाश डाला।

बीएड विभाग के शिक्षक डा. विजय कुमार पांडे, डा. नीरज कुमार, प्रो.दीपक कुमार मिश्रा, प्रो. अनिल कुमार सिंह ने इस विषय पर प्रकाश डालते हुए इस पैंडेमिक काल में इसकी प्रासंगिकता पर बल दिया। इस अवसर पर बीएड विभाग के अन्य शिक्षक प्रो. आरती कुमारी, प्रो. मिता रानी, डा. बृज मोहन सिंह, डा.शक्ति प्रकाश सिंह, प्रो.महेश लाल हाल, प्रो.प्रवीण कुमार, प्रो.सुशील कुमार सिन्हा,प्रो. ईश्वर सिंह,प्रो. रितेश कुमार सिंह उपस्थित थे। मंच का संचालन बीएड के छात्र अमित कुमार एवं छात्रा छोटी कुमारी ने किया।



# हमेशा बनी रहेगी ऑनलाइन शिक्षा व्यवस्था की उपयोगिता

सेमिनार

संवाददाता, गया

अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज में गुरुवार को बीएड विभाग के सभागार में बीएड के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के बीच सेमिनार का आयोजन हुआ. इसमें ऑनलाइन एजुकेशन के फायदे व नुकसान विषय पर छात्र-छात्राओं व विषय विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे. कार्यक्रम का प्रारंभ विभाग के विभागाध्यक्ष मानिक मोहन शुक्ला ने किया उन्होंने कहा कि आज के इस काल में ऑनलाइन शिक्षा एक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में उभरी है. कोरोना काल में इसकी उपयोगिता को हम नकार नहीं सकते हैं. यह शिक्षा का अंग बन गया है. वहीं, छात्र व छात्राएं गरिमा कुमारी, सुमन, अनूप कुमार, यशवंत कुमार, सौम्या, अनन्या, प्रिया कुमारी ,पूजा, साकेत और कोमल ने ऑनलाइन शिक्षा की लाभ और हानियों पर प्रकाश डाला. बीएड विभाग के शिक्षक डॉ विजय कुमार पांडे, डॉ नीरज कुमार, प्रो दीपक कुमार मिश्रा, प्रो अनिल कुमार सिंह ने भी इस विषय पर प्रकाश डालते हुये कोरोना महामारी काल में इसकी प्रासंगिकता पर बल दिया. मंच का संचालन बीएड के छात्र अमित कुमार एवं छात्रा छोटी कुमारी ने किया. मौके पर बीएड विभाग के अन्य शिक्षक प्रो आरती कुमारी, प्रो मिता रानी, डॉ बृज मोहन सिंह, डॉ शक्ति प्रकाश सिंह , प्रो महेश लाल हाल, प्रो प्रवीण कुमार, प्रो सुशील कुमार सिन्हा, प्रो ईश्वर सिंह, प्रो रितेश कुमार सिंह उपस्थित थे.

सेमिनार में मौजूद स्टूडेंट व अन्य.

दिनांक 24/2 /2022 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज गया के बी एड विभाग के सभागार में बीएड के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच "online education- advantages and disadvantages" शीर्षक पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ  विभाग के विभागाध्यक्ष ने किया उन्होंने कहा की आज के इस काल में ऑनलाइन शिक्षा एक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में उभरी है, लेकिन इस क्रोना काल में इसकी उपयोगिता को हम नकार नहीं सकते है । यह शिक्षा का अंग बन गया है।

सभी छात्र छात्राओं जिसमे गरिमा कुमारी, सुमन, अनूप कुमार, यशवंत कुमार, सौम्या, अनन्या, प्रिया कुमारी ,पूजा, साकेत और कोमल ने भी अपने  -अपने विचार रखें  और ऑनलाइन शिक्षा की लाभ और हानियों पर प्रकाश डाला।

बी एड विभाग के शिक्षक डॉ विजय कुमार पांडे, डॉ नीरज कुमार, प्रो दीपक कुमार मिश्रा, प्रो अनिल कुमार सिंह ने भी इस विषय पर प्रकाश डालते हुए  इस पैंडेमिक काल में इसकी प्रासंगिकता पर बल दिया।

इस अवसर पर बी एड विभाग के अन्य शिक्षक जिसमें प्रो आरती कुमारी प्रो मिता रानी डॉ बृज मोहन सिंह डॉ शक्ति प्रकाश सिंह ,  प्रो महेश लाल हाल, प्रो प्रवीण कुमार, प्रो सुशील कुमार सिन्हा,प्रो ईश्वर सिंह, प्रो रितेश कुमार सिंह उपस्थित थे।मंच का संचालन बी एड के छात्र अमित कुमार एवं छात्रा छोटी कुमारी ने किया।

**24.**

**04.03.2022**

**" जीवन जीने की कला एवं योग "विषय पर सेमिनार**

दिनांक04/03/ 2022 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज,गया के बी एड विभाग के सभागार में अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में एक दिवसीय " जीवन जीने की कला एवं योग "विषय पर सेमिनार का आयोजन बी एड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मानिक मोहन शुक्ला  की अध्यक्षता में किया गया।

सेमिनार का प्रारंभ मेरठ से आए विनय योगी ने सभी छात्र छात्राओं को उनके स्वास्थ्य संबंधित बातें तथा सोशल मीडिया एवं मोबाइल के दुष्परिणामों से होने वाली घातक बीमारियों से अवगत कराया, साथ ही जीवन जीने की कला एवं उनके विकास में योग की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की। डी. एस. वी.वी.  के छात्र निशांत योगी एवं राकेश योगी ने योगासन के कई आसनों और मुद्राओं को करके दिखाया तथा उससे होने वाले लाभों की जानकारी दी। मंच का संचालन बी एड विभाग के छात्र अमित कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर अनिल कुमार सिंह ने किया।

इस अवसर पर श्री मनीष शुक्ला जी ,मुकेश कुमार जी के अलावे बी एड विभाग के सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**25.**

**08.03.2022**

**पर " सशक्त भारत के निर्माण में नारी की भूमिका" पर  सेमिनार**

दिनांक 8/3/ 2022 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज,गया के बी एड विभाग के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभागीय स्तर पर " सशक्त भारत के निर्माण में नारी की भूमिका" पर  एक सेमिनार का आयोजन बी एड विभाग की महिला शिक्षिका प्रो आरती कुमारी की अध्यक्षता में बी एड विभाग के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं के बीच आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ बी एड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मानिक मोहन शुक्ला  ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब एक नारी शिक्षित होती है तो उसकी पूरी पीढ़ी शिक्षित होती है प्रारंभ से ही हमारे भारत में नारियों का  का सम्मान किया जाता रहा है।आज भी नारी सशक्त रहकर अपने देश का नाम रौशन कर रही हैं ।

शिक्षकों में प्रो दीपक मिश्रा, प्रो अनिल कुमार सिंह, डॉ बृजमोहन सिंह डॉ विजय कुमार पांडे ने अपने विचार रखे।इस सेमिनार में बी एड के कई छात्र छात्राओं  ने अपने अपने विचार रखे जिनमे -निशा कुमारी ,सुप्रिती कुमारी, सौम्या सिंह, सुमन कुमारी, साकेत कुमार वर्मा, काजल कुमारी, अमारा शैफ, अमित कुमार अमानी अहमद, ज्योति भारती, गुफरान परवीन, विजय लक्ष्मी वर्मा, नीलम, दीपांजलि प्रकाश, आकांक्षा, अनन्या कुमारी ने रखा।

मंच संचालन बी एड विभाग की छात्रा कुमारी चैताली एवं मुस्कान ने किया।

इस अवसर पर बी एड विभाग के डा. शक्ति प्रकाश सिंह,प्रो शंभू कुमार,प्रो.प्रवीण कुमार, प्रो रितेश कुमार सिंह,प्रो सु शील कुमार सिन्हा, डा. नीरज कुमार, प्रो ईश्वर सिंह, प्रो महेश लाल हाल उपस्थित थे।सभा की समाप्ति अध्यक्षा प्रो श्रीमती आरती कुमारी के द्वारा समाप्त किया गया

**26.**

**24.03.2022**

**बदलते बिहार का बदलता स्वरूप"विषय पर एक संगोष्ठी**

दिनांक 24/ 03/2022 को तीन दिवसीय बिहार दिवस के समापन समारोह के अवसर पर ए. एम. कॉलेज के बी एड विभाग के सभागार में "बदलते बिहार का बदलता स्वरूप"विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में मगध प्रमंडल के आर. डी. डी. ई श्री प्रेमचंद जी थे। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलज कुमार श्रीवास्तव एवं मंचासिन अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इसके पश्चात बी एड विभाग के छात्राओं द्वारा महाविद्यालय का कुल गीत गया एवं अतिथियों का सम्मान स्वागत गीत गाकर किया। इस अवसर पर अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि देश ही नहीं दुनिया की कठिन से कठिन कार्य जो असंभव सा प्रतीत होता है वह बिहारियों द्वारा संभव कर दिया जाता है ,और प्रत्येक क्षेत्रों में बिहारी अपनी कर्मठता के बदौलत अपना स्थान बना रहे हैं।

बी एड विभाग के विभागाध्यक्ष डा. मानिक मोहन शुक्ला ने कहा की आज भारतवर्ष में बिहारियों का नाम गर्व से लिया जाता है ।अधिकांश बिहार के ही लोग उच्च पदों पर आसीन हो रहे हैं, क्योंकि हमारे पास प्रतिभा, कर्मठता, अनुशासन है जिसके बल पर हम अपना स्थान प्राप्त कर रहे हैं।

इस अवसर पर क्षेत्रीय उपनिदेशक ( शिक्षा) श्री प्रेमचंद जी ने बी एड विभाग के छात्र-छात्राओं की काफी प्रशंसा की और कहा की यहां की शिक्षण व्यवस्था को देखकर बहुत खुश हूं। मैंने कई कॉलेज का भ्रमण किया लेकिन इस प्रकार की शिक्षण व्यवस्था एवं अनुशासन मैंने कहीं नहीं पाया। मैं यहां के अनुशासन और शिक्षा व्यवस्था से काफी प्रसन्न हूं। इस अवसर पर बी एड विभाग शिक्षक डॉ बृजमोहन सिंह, डॉ नीरज कुमार डॉ शक्ति प्रकाश सिंह, प्रो ईश्वर सिंह,प्रो दीपक कुमार मिश्रा ,प्रो सुशील कुमार सिन्हा,प्रो रितेश कुमार सिंह, प्रो शंभू कुमार,प्रो आरती कुमारी, मीता रानी,प्रो महेश लाल हाल प्रो प्रवीण कुमार उपस्थित थे। मंच संचालन बी एड की छात्रा कुमारी मुस्कान एवं चैताली ने किया।

धन्यवाद ज्ञापन प्रो अनिल कुमार सिंह के द्वारा किया गया।

**27.**

**01.04.2022**

**"परीक्षा पे चर्चा"**




बिहार सरकार, शिक्षा विभाग के पत्रांक 15/एम.1-68/2013-800 दिनांक 31.03.2022 के आलोक में आज दिनांक 01.04.2022 को अनुग्रह मेमोरियल काॅलेज, गया में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम "परीक्षा पे चर्चा' का लाइव प्रसारण महाविद्यालय में दिखाया गया। इस प्रसारण को दिखाने के लिये बीएड विभाग, बीलीस विभाग, बीसीए विभाग, बीबीएम विभाग एवं महाविद्यालय सभागार में विशेष व्यवस्था की गयी थी। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने इस कार्यक्रम को अति उत्साहपूर्ण रूप से देखा। महाविद्यालय के प्राचार्य डाॅ. शैलज कुमार श्रीवास्तव ने भी प्रसारण को पुरी तन्मयता से देखा और कहा कि यह छात्रों के लिए लाभकारी एवं उपयोगी सिद्ध होगी। देश के विभिन्न भागों से विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में कई आयामो पर परिचर्चा हुई जिनमे परीक्षा को तनाव नही त्योहार बनाना, खेल-कुद पर ध्यान देना, डिजिटल पढ़ाई की नये दौर में जरूरत और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कई फायदें मुख्य बिन्दु रहे। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों में परीक्षा के विभिन्न आयामों के प्रति जागरूकता बढ़ी एवं ऐसे कार्यक्रम भारत में शिक्षा के प्रगति में सार्थक भूमिका निभायेंगे।

**28.**

**03.04.2022**

## लेट्स इंस्पायर बिहार के गया चैप्टर के तत्वावधान में युवा संवाद कार्यक्रम


कैंपस प्रभात

जागरूकता. आइपीएस अफसर ने युवाओं को किया प्रेरित

**संगठित होकर निःस्वार्थ सहयोग से बदलेगा बिहार : विकास वैभव**

गया में सामाजिक कार्यों में लगे युवाओं को किया सम्मानित

शिक्षा ग्रहण करने विदेशों से बिहार आते थे युवा आज कर रहे पलायन


हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

अपने युवा

बिहार सरकार के विशेष सचिव विकास वैभव ने एएम कॉलेज के युवाओं को किया संबोधित

**'ऐसा भविष्य बनाएं जो उद्यमिता से परिपूर्ण हो'**

युवा संवाद

आमस में विकास वैभव का युवाओं ने किया स्वागत

दिनांक 03.04.2022 को अनुग्रह मेमोरियल का◌ॅलेज, गया के स्वामी विवेकानन्द सभागार में लेट्स इंस्पायर बिहार के गया चैप्टर के तत्वावधान में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार, गृह विभाग के विशेष सचिव श्री विकास वैभव उपस्थित थे। का◌ॅलेज के प्राधानाचार्य डा॰ शैलज कुमार श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया एवं शहर के सामाजिक कार्यों से जुड़े व्यक्तियों ने भी पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह से उनका अभिनन्दन किया। अपने स्वागत भाषण में प्रधानाचार्य ने कहा कि जो भी युवा इस कार्यक्रम में शामिल होंगे वे कुछ सीखेंगे तथा सकारात्मक परिवर्तन को स्वीकार करते हुए अपने उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित होंगे। अपने अभिभाषण में श्री विकास वैभव ने गया एवं बिहार के अध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक इतिहास की बात करते हुए ये कहा कि इस भूमि के यशश्वी पूर्वजों के युवा वंशज एक ऐसे भविष्य का निमार्ण करें जो शिक्षा, समता एवं उद्यमिता से परिपूर्ण हो। समाज के साकारात्मक परिवर्तन के लिए भेद भाव से उपर उठकर हर व्यक्ति के सहयोग की आवश्यकता है। युवाओं के असीम क्षमता से ही राज्य एवं देश उत्कर्षता के तरफ अग्रसर हो सकता है। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्रीमति गीता दीदी, श्री समीर कुमार राव डिप्टी कमांडर सीआरपीएफ, श्री राजन सिजवार, श्री लव कुमार, डा॰ नवनीत निश्चल, श्री हरि प्रपन्ना, श्री हिमांशु शेखर, श्री इमरोज अली, श्री युगल किशोर सहित गया शहर एवं आस पास के जिलों से कई गणमान्य शिक्षक, समाजसेवी, कलाकार एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम की संचालना नचिकेता वत्स ने की एवं लेट्स इंस्पायर बिहार के गया चैप्टर के कार्यक्रम समन्वयक शिवम राठौड़ संग समीर खान, पियूष राज, संजीव आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में जेजे का◌ॅलेज के एनसीसी के छात्रों एवं आरजीएन पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम में डा॰ राजेश रंजन पाण्डेय, डा॰ धनन्जय कुमार, डा॰ प्रवीण कुमार सिंह, डा॰ अमृतेन्दु घोषाल, डा॰ माणिक मोहन शुक्ला, श्री विकास प्रताप सिंह, श्री शुशील कुमार, श्री नागेन्द्र प्रताप सह महाविद्यालय के शिक्षक, छात्र एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। श्री गुलशन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

**29.**

**04.04.2022**

**स्वागत एवं विदाई-सम्मान समारोह**

दिनांक 04.04.2022 को अनुग्रह मेमोरियल का◌ॅलेज, गया में महाविद्यालय शिक्षक संघ की ओर से स्वागत एवं विदाई-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों ने दाउदनगर का◌ॅलेज, दाउदनगर से स्थानान्तरित होकर आये जन्तु विज्ञान के सहायक प्राध्यापक डा° प्रवीण कुमार सिंह का औपचारिक स्वागत किया। साथ ही, महाविद्यालय से सेवानिवृत्त हुए प्राध्यापक प्रो° अजीत प्रसाद सिन्हा, पूर्व विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग एवं डा° अनीता रानी पूर्व विभागाध्यक्षा पाली विभाग का सम्मान-सह-विदाई समारोह आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों ने प्रो° अजीत प्रसाद सिन्हा एवं डा° अनीता रानी को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा उनके ज्ञान, कत्र्तव्यपरायणता एवं मधुर व्यवहार की चर्चा की। संघ के कार्यकारी अध्यक्ष डा° धनेश्वर राम विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग, सचिव डा° किशोर कुमार पासवान विभागध्यक्ष राजनीतिशास्त्र विभाग, एवं अन्य उपस्थित शिक्षकों ने अपने उद्गार व्यक्त किये तथा सेवानिवृत्त प्राध्यापकों के लिए सुदीर्घ, स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना की।

**30.**

**08.04.2022**

**आनंदम कार्यक्रम**

दिनांक 8/4/ 2022 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज गया के बी एड विभाग के सभागार में बी एड के छात्र-छात्राओं द्वारा आनंदम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्रमश: पटेल हाउस ,भगत सिंह हाउस, टैगोर हाउस और विवेकानंद हाउस ने अपनी अपनी प्रस्तुति से सभी को आत्म विभोर कर दिया सभी ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। ज्ञातव्य हो कि बी एड विभाग में छात्र छात्राओं को चार समूह में क्रमशः पटेल हाउस, भगत सिंह हाउस, टैगोर हाउस और विवेकानंद हाउस में बांट दिया गया है।

सर्वप्रथम सभी ने मंचासीन विद्वतजनों  के सम्मान में चारों समूहों ने स्वागत गान गाया।

सभी समूहों ने आज के समाज की ज्वलंत समस्याओं पर लघु नाट्य मंचन के द्वारा समाज को आईना दिखाने के साथ जागरूक करने का प्रयास किया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगत सिंह हाउस के नीतीश, स्नेहा ,निशी, शिवानी ,धीरेंद्र, यशवंत ,चैताली, करुणा ,सुमित, मोहित, शोभित ने "दहेज के दरिंदे" नामक शीर्षक पर अपनी प्रस्तुति दी, जिसमें समाज में फैली दहेज जैसी कुप्रथा पर कुठाराघात करते हुए उसके दुष्परिणामों से अवगत कराया।

इसके बाद पटेल हाउस के सदस्य साकेत, दीपांजलि, मनीष, आनंद, विद्यानंद, विजयलक्ष्मी, आकांक्षा, उमा स्वीटी रानी, मनीषा रजनी सुप्रिया शिप्रा रेहान ने "स्वेटर बुन चरवाहा विद्यालय" नामक लघु नाटक के द्वारा आज की शिक्षा व्यवस्था पर गहरी चोट की।

इसके पश्चात टैगोर हाउस के हिमांशु, आविष्कार, विकास, अभिषेक, सुमन, पूजा, सौम्या, खुशबू, सचिन, रोहित, प्रिया, रिंकू ,अनूप ने "भ्रष्टाचार" थीम पर नाटक का मंचन किया, जिसमें आज भ्रष्टाचार रूपी कीड़े ने समाज को किस तरह खोखला किया जा रहा है उसे सबके सामने रखने का प्रयास किया।

अंत में विवेकानंद हाउस के सुनीता ,अमित, अंकित ,मंजू, प्रिया, प्रभाकर कृति सुप्रिती ,ज्योति, हर्ष, गरिमा, अनन्या, सलोनी ने "ओल्ड एज होम" नामक शीर्षक का नाट्य मंचन किया जिसमें आज के लोग बुढ़ापे में किस तरह अपने मां -बाप को ओल्ड एज होम में पहुंचाने का कार्य करते हैं और उन्हें एक श्रापित जीवन जीवन जीने पर विवश करते हैं इसके माध्यम से समाज को जागृत किया।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलज कुमार श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम को जीवंत बनाने के लिए बधाई दी ,और भविष्य में भी इस तरह की ज्वलंत मुद्दों को नाटक के माध्यम से लोगों को जागृत करने के लिए प्रेरित किया।

सभा की समाप्ति करते हुए बी एड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मानिक मोहन शुक्ला ने करते हुए कहा कि सभी प्रतिभागियों ने अपना अपना सर्वोत्तम प्रस्तुति दी है ।मुझे खुशी है कि जिन चीजों को आपको एक शिक्षक के रूप में करानी है उन्हें आप सीख रहे हैं और अपना सर्वांगीण विकास कर कर रहे हैं।

खुशबू ,ममता, अमानी अहमद और छोटी ने अपने-अपने हाउस का मंच संचालन किया।

इस कार्यक्रम में बी एड विभाग के शिक्षक डॉ बृजमोहन सिंह, डॉ नीरज कुमार, प्राध्यापक सह मीडिया प्रभारी डॉ विजय कुमार पांडे, डॉ शक्ति प्रकाश सिंह प्रो ईश्वर सिंह, प्रो दीपक कुमार मिश्रा ,प्रो सुशील कुमार सिन्हा, प्रो महेश लाल हाल प्रो रितेश कुमार, डॉ मीता रानी प्रो आरती कुमारी प्रो प्रवीण कुमार एवं प्रोअनिल कुमार सिंह , राजेश रंजन कुमार सिंह एवं मुकेश कुमार उपस्थित थे।

31.

**12/04/2022**

**“बीसीए एवं बीबीएम उपाधि उपरांत नौकरी की संभावनाएं"**




दिनांक 12 अप्रैल 2022 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज गया के बी बी एम विभाग के सभागार में अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बीबीएम और बीसीए के छात्र छात्राओं के बीच एक बात विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक था "बीसीए एवं बीबीएम उपाधि उपरांत नौकरी की संभावनाएं"

इस कार्यक्रम में दोनों विभाग के छात्र छात्राओं ने इस विषय पर अपने अपने विचार रखे एवं  छात्र-छात्राओं में इसमें अपनी रुचि दिखाई।

कॉलेज के प्राचार्य ने कहा कि दोनों विभागों की शिक्षा प्राप्त करने के बाद जो भी छात्र छात्राएं उत्रीन होकर  जब नौकरी की तलाश में जाते हैं तो उन्हें अपना हुनर दिखाने का मौका मिलता है और यह कला उन्हें अपने शिक्षकों द्वारा पढ़ाये गए विषयों और तकनीकों के माध्यम से प्राप्त होता है। आज का युग स्किल डेवलपमेंट का युग है, इस दृष्टिकोण से यह दोनों विभाग काफी महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर डा.आरिफ सत्तार, डॉक्टर नरेंद्र कुमार, प्रो मलय कुमार प्रो शिवम एवं सबा तरन्नुम के अलावे दोनों विभाग के शिक्षक छात्र- छात्राएं एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के संचालन बीवीएम विभाग के डॉ नेहा राज ने किया

**32.**

**13.05.2022**

## योग शिविर

दिनांक 13/5/ 2022 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज गया के बी एड विभाग के सभागार में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर फील्ड आउटरीच ब्यूरो सूचना प्रसारण मंत्रालय के तत्वावधान में गया के क्षेत्रीय इकाई द्वारा योग उत्सव के अवसर पर बी एड विभाग के छात्र छात्राओं के बीच एक योग शिविर एवं इसके पश्चात योग पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम बी एड विभाग के प्रशिक्षक प्रो रितेश कुमार सिंह के द्वारा छात्र छात्राओं को योग के विभिन्न आसनों को कराया गया तथा उनके महत्व बताए गए।परिचर्या का प्रारंभ सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की गया इकाई के अधिकारी बी. इकबाल एवं मंचासीन अधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। तत्पश्चात बी. इकबाल ने सभी अधिकारियों को अंगवस्त्र और एक पौधे देकर सम्मानित किया।

परिचर्चा में योग के महत्व पर अपना विचार रखते हुए अपने संबोधन में बी इकबाल ने कहा की 21 जून को योग दिवस मनाया जाता है उसके लिए सभी को जागरूक कर इसकी तैयारी की जा रही है और योग उत्सव मना रहे हैं ।योग का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है इसके द्वारा बहुत सारे बीमारियों का खात्मा हो जाता है इसलिए इसे अपनी दिनचर्या में शामिल किया गया है।डॉ शक्ति प्रकाश ने कहा की योग से हमारे पूरे शरीर में रक्त का प्रवाह भली-भांति होता है जिससे हमें रोग नहीं होते हैं।डा नीरज कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा 21जून को योग दिवस मनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ में प्रस्ताव पारित हुआ और पूरे विश्व में इसकी ख्याति और लोकप्रियता मिली। योग हमें सामंजस्य बनाने में मदद करता है।

अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के मीडिया प्रभारी सह बी .एड. विभाग प्राध्यापक डा. विजय कुमार पांडे ने कहा की योग के माध्यम से कई लाइलाज बीमारियों का उपचार किया जाता है और आज लाखों लोग इसे अपनाकर अनेक रोगों का उपचार कर स्वस्थ हो रहे हैं।

डॉ बृजमोहन सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा की कोई भी व्यक्ति कितना भी विषम परिस्थिति में लड़ने की क्षमता और रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने का बिना दवा का एक माध्यम है वह योग।

बी एड विभाग के विभागाध्यक्ष डा मानिक मोहन शुक्ला ने इस पर विस्तृत रूप से चर्चा की और कहा की अमेरिका में धर्म संसद में भारत से प्रतिनिधि के रूप में स्वामी विवेकानंद के द्वारा जो प्रवचन दिया गया उसी दिन से आधुनिक काल के योग की स्थापना मानी जाती है। आज के इस कोरोना काल में इसकी महत्ता बढ़ जाती है। भारत में आज मृत्यु कम हुई है तो इसका कारण योग ही है जबकि अन्य देशों की अपेक्षा मेडिकल सुविधाएं हमारे यहां नहीं के बराबर है क्योंकि इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है, और व्यक्ति स्वस्थ रहता है।

प्रो रितेश कुमार सिंह के द्वारा कहा गया की आज बहुत सौभाग्य की बात है कि हम इस पर पर चर्चा कर रहे हैं तन और मन को जोड़ना ही योग है साथ हीआत्मा से परमात्मा को मिलना ही योग का उद्देश्य है।

धन्यवाद ज्ञापन बी एड विभाग के प्रो अनिल कुमार सिंह के द्वारा किया गया। उन्होंने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा की मनुष्य का प्रथम उद्देश्य आनंद की प्राप्ति है तभी परमानंद की प्राप्ति होगी ,जो योग के द्वारा ही संभव है।

बीच-बीच में छात्रों से प्रश्न किए गए जिसमें विजेता के रूप में सोनम, चंद्र प्रकाश ,सुमन राज, अमित ,अभिषेक, कुमार रोहित, मुस्कान, सुमन सिंह, स्वीटी रानी,कृति, आनंद, मीता ,हेमराज, साकेत को पुरस्कार प्रदान किया गया।

मंच संचालन कुमारी मुस्कान एवं आंतरिक सज्जा विभाग के प्राध्यापक श्रीमती आरती कुमारी के द्वारा किया गया।इस अवसर पर प्रो सुशील कुमार सिन्हा,प्रो दीपक कुमार मिश्रा,प्रो महेश लाल हाल प्रो मीता रानी प्रो प्रवीण कुमार के अलावे मुकेश कुमार एवं राजेश रंजन कुमार सिंह तथा कई अन्य उपस्थित थे।

सभी ने इस कार्यक्रम के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की गया इकाई के पदाधिकारी बी इकबाल के प्रति आभार प्रकट किया गया एवं भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम की पुनः आयोजन किया जाना चाहिए इसके लिए सभी ने उन्हें निवेदन किया गया।

**33.**

**18.06.2022**

## बिहार विभूति डॉ अनुग्रह नारायण सिंह की 135 वीं जयंती एवं अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया की 58 वीं स्थापना दिवस




दिनांक 18.06.2022 को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के सभागार में बिहार विभूति डॉ अनुग्रह नारायण सिंह की 135 वीं जयंती एवं अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया की 58 वीं स्थापना दिवस मनाई गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के प्रति कुलपति डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्यों ने अनुग्रह बाबू की आदमकद मूर्ति को माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। सभागार में मंचासीन अतिथियों एवं प्रबुद्ध जनों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया तथा अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बी एड विभाग के छात्राओं द्वारा अतिथिओं के सम्मान में स्वागत गीत एवं अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज का गौरव गान गाया गया। अपने स्वागत भाषण में बी एड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ माणिक मोहन शुक्ला ने कहा कि अनुग्रह बाबू ऐसे मेघ थे जो सिर्फ गरजते ही नही बरसते भी थे अर्थात वे जो कहते थे उसे पूरा करके रहते थे।

महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ शैलज कुमार श्रीवास्तव ने अपने संदेश में कहा कि अनुग्रह बाबू एक महान व्यक्तित्व थे जिनके मार्ग पर चल कर ही हम अपने महाविद्यालय को भारत के अग्रणी श्रेणी में ला सकते हैं। इस ओर हम सभी अग्रसर हैं ताकि उनके सपनों को साकार किया जा सके।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अनंत कुमार सिन्हा, परीक्षा नियंत्रक डॉ अजय कुमार सिंह एवं भूतपूर्व विभागाध्यक्ष जंतु विभाग डॉ राजीव रंजन सिंह ने भी अनुग्रह बाबू पर अपने भाव व्यक्त किये।

अपने अभिभाषण में मुख्य अतिथि डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह ने अनुग्रह बाबू के जीवन एवं समाज में उनके योगदान पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि आज उन्ही का देन है कि हम इस प्रांगण में बैठे हैं और स्वतंत्र भारत मे सांस ले रहे। उनके प्रति सच्चा समर्पण यही होगा कि हम उनके आदर्शों पर चलें ताकि समाज और राष्ट्र का कल्याण हो।

बी एड विभाग के प्राध्यापक डॉ अनिल कुमार सिंह के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन एवं मंच संचालना बी एड की छात्रा अमानी अहमद ने की। इस अवसर पर कॉलेज के सभी विभाग के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। आज के कार्यक्रम में बे एड विभाग की छात्राएं रिया सिंह, सुमन, राखी, सौम्या, पूजा, प्रियंका आदि ने स्वागत गान एवं गौरव गान की प्रस्तुति दी।